डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 12 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक- 28, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

फ़ैसला आपका है

घुसपैठियों को बसाना है

भरपूर भ्रष्टाचार

आपस में बंटना है

या

आदिवासियों को बचाना है

ईमानदार सरकार

एकजुट रहना है

रोटी बेटी माटी की पुकार

झारखंड में भाजपा सरकार

कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

# विधानसभा चुनाव के दौरान हर बूथ पर होगी फर्स्ट एड की सुविधा

**चुनाव को लेकर सभी केंद अगले तीन दिनों 12 नवंबर से 14 नवंबर तक खुला रहेंगे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** चुनाव के दौरान सभी बूथों पर फर्स्ट एड की सुविधा रहेगी, ताकि बूथों में मतदाता या मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो तो इसका इलाज तुरंत किया जा सके। इसकी जानकारी विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान के दिन विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन विश्रामपुर, नावाबाजार, पांडू व उंटारी रोड प्रखंड के सभी 209 बूथों पर एक-एक स्वास्थ्य कर्मी के साथ फर्स्ट एड की सारी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसमें फर्स्ट एड में कटे- छीले के लिए कॉटन, बेंडेड, दवा, दर्द के लिए स्प्रे, बुखार, सर्दी, खांसी, बदन दर्द की दवा समेत अन्य सारी व्यवस्था रहेगी। ताकि बूथों पर आने वाले मतदाताओं के अलावा पुलिसकर्मियों व मतदान कर्मियों को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बताया कि चारों प्रखंड में ट्रामा सेंटर बनाया गया है। जहां चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। जो स्वास्थ्य व्यवस्था का मोनिटरिंग करेंगे। चुनाव को लेकर सभी केंद अगले तीन दिनों 12 नवंबर से 14 नवंबर तक खुला रहेंगे। किसी अनहोनी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सजगता दिखाई जा रही है। साथ ही मतदान के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र सुबह से लेकर शाम हर हाल में खुला रहेगा और चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सीएचसी स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने स्तर टीम का गठन कर एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि ममता वाहन को भी एंबुलेंस के रूप में तीन दिनों तक कार्य लिए जाएंगे। ताकि यदि किसी को जरूरत पड़े, तो स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। बताया कि क्षेत्र के सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य केंद्र को भी इसके लिए निर्देशित किया गया है कि चुनाव के दिन सभी अपना-अपना केंद्र खुला रखेंगे, जहां आपात स्थिति स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा सके।

# कई भवन बेकार व जर्जर देखने वाला कोई नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर के समीप सिंचाई विभाग, नगर विकास विभाग व भवन निर्माण विभाग के द्वारा कई बड़े भवनों का निर्माण कार्य किया गया हैं, लेकिन इसकी उचित देखरेख के अभाव में सभी भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। सरकार को करोड़ों खर्च के बाद भी इसका उपयोग नहीं किया जा रहा हैं। सभी भवनों के बनें 10 से 15 साल पुरानी है। इस पर बाहरी लोगों का कब्जा हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसके बाद भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यहां पलामू प्रमंडल के अलावा बिहार के लोगों का कब्जा है। हुसैनाबाद अधिसूचित क्षेत्र समिति के बाद वर्ष 2008 में नगर पंचायत बना था, और चुनाव के बाद उषा देवी पहली अध्यक्ष बनी थी। तब से लेकर आज तक नगर पंचायत की सूरत तो नहीं बदली ,लेकिन कार्यालय जरूर बदलते गये। आज विवाह मंडप में कार्यालय चल रहा है। पहला कार्यालय बालिका प्लस टू विद्यालय के बगल में था, इसके बाद दूसरा टाउन हॉल के सामने अनुमंडल परिसर में, तीसरा पानी टंकी के समीप सामुदायिक भवन में और चौथा कार्यालय वर्तमान में हैदरनगर रोड मे स्थित विवाह मंडप भवन में चल रहा है।

# चुनाव में शांति के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पुलिस ने विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर नजर सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च चैनपुर थाना से शुरू होकर कुरुमगड़ मोड़, मेन रोड, पीपल चौक,बस स्टैंड, चैनपुर थाना पहुंची। इस दौरान चैनपुर थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अगर असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था को भंग करने या चुनाव में किसी प्रकार का बाधा डालने की कोशिश करेंगे तो शक्ति से निपटा जाएगा। मौके में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसई अरुण सिंह, दिनेश कुमार, एसएसबी के जवान, सीआईएसएफ के जवान सहित चैनपुर थाना के जवान मौजूद थे।

## देवठान एकादशी आज

# शुरू हो जाएंगे विवाह, मुंडन और गृहप्रवेश जैसे शुभ कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी मंगलवार को होगी। इसी दिन से विवाह, मुंडन व गृहप्रवेश जैसे शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। इसके पीछे की पौराणिक कथा का पुराणों में वर्णित तथ्यों के आधार पर वर्णन करते हुए पं. कुंडल तिवारी ने बताया कि एक बार श्री विष्णु भगवान ने वामन अवतार लिया और राजा बलि की परीक्षा लेने पृथ्वी पर आए। राजा बलि से तीन पग धरती मांगी। मगर प्रभु ने दो पग में आकाश और धरती माप लिया। राजा बलि ने तीसरा पग अपने सर पर रखने को कहा। तब भगवान विष्णु बहुत प्रसन्न हुए। राजा बलि की भक्ति और उदारता देख,वरदान मांगने को कहा।राजा बलि ने भगवानविष्णु से प्रार्थना किया आप वे उनके साथ पाताल लोक में रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में चले गए। तभी माता लक्ष्मी ने राजा बलि को भाई मानकर राखी बान्धी और भगवान विष्णु को आजाद करनें की प्रार्थना की।भगवान विष्णु किसी भक्त को निराश नहीं करते हैं।इसलिए उन्होंने कहा कि चार मास अषाढ शुक्ल पक्ष की एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तक पाताल लोक में ही वे रहेंगे। इसीलिए कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को देवठान नाम से जाना जाता है। इसके बाद सभी शुभ मंगल कार्य विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश आदि प्रारंभ हो जाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा का झंडा जलाने का आरोपी गिरफ्तार



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पुलिस ने भाली गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने भाजपा के झंडे को आग लगाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। गिरफ्तार युवक का नाम मुकेश यदुवंशी है। जिसे राजद का सक्रिय कार्यकर्ता भी बताया जाता है। सोशल मीडिया पर ही उसने साइकिल में राजद का झंडा लगा तस्वीर भी पोस्ट किया है। उसकी दोनों तरह की फोटो यदुवंशी मुकेश के नाम के सोशल मीडिया एकाउंट पर सामने आई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने इस मामले में युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए सभी पहलुओं पर जांच करते हुए आगे की कानून कार्रवाई करने की बात कही है। इस घटना की भाजपा सहित अन्य कई दलों के स्थानीय नेताओं ने तीव्र निंदा की है। इस घटना से चुनावी माहौल भी गरमा गया बताया जाता है।

# प्रखंड मुख्यालय में विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा का नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने भाजपा कार्यालय के बाहर विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के लोकप्रिय नेता हैं। झारखंड राज्य में आप लोगों को गरीब किसान की सरकार बनाना है। राज्य में भयमुक्त भाजपा का सरकार बनाना है। राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर 5 सालों तक कनहर का बालू बेचने का काम किया है। झारखंड में 21 लाख परिवार को पीएम आवास बनाने वाली सरकार चाहिए। भाजपा की सरकार बनने पर 3100 क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाएगी। हर महिला के खाते में 2100 रुपये प्रति महीना गोगो दीदी योजना के तहत दी जाएगी। यहां के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर- घर जाकर मोदी के विकास का संदेश देना है। हम आप लोगों का पड़ोसी राज्य के मंत्री हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी को भारी से भारी विजयी दिलाएं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय है। अन्याय भ्रष्टाचार का अंत होगा। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, ब्रजेश उपाध्याय, शिवलाल सिंह, कपिल प्रसाद, विश्वास प्रसाद, गरीबा गुप्ता, विनोद यादव, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, शिवव्रत सिंह, प्रताप यादव, मुंशी यादव, छोटू यादव, राजेश प्रसाद सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद थे।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**रंका। थानांतर्गत कटरा गांव में रविवार को तालाब में नहाने के क्रम में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों बच्चों को तालाब से निकलवाकर अस्पताल लाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।**

### एमएमसीएच का आउटडोर टोकन डिस्प्ले यूनिट खराब, बढ़ी परेशानी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कालेज अस्पताल के आउट डोर के टोकन डिसप्ले करीब एक माह से खराब है। टोकन डिसप्ले यूनिट खराब होने से इलाज कराने में मरीजों की परेशानी हो रही है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए भवन में चाइल्ड, स्त्री एवं प्रसूति और टीकाकरण आउट डोर संचालित होता है। तीनों आउट डोर में तीन-चार माह पूर्व टोकन डिसप्ले लगाया गया था। मरीज रजिस्ट्रेशन कराकर स्वयं मशीन से टोकन निकालते थे और उसे आउट डोर के बाहर बैठे कर्मी को देते थे। तीनों आउट डोर के मुख्य द्वार पर टोकन डिसप्ले होता रहता था। डिसप्ले के अनुसार मरीज आउट डोर पेशंट डिस्पेशरी में प्रवेश करते थे और चिकित्सक से परामर्श लेते थे या इलाज कराते थे। ओपीडी के बाहर बैठे कर्मी मरीजों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, तो कभी-कभार कर्मी से मरीज उलझ पड़ रहे हैं। मरीज को बाहर बैठे कर्मी लाइन में खड़ा होने का आग्रह करते है तो पहले दिखाने के चक्कर में मरीज कर्मियों का बातों को अनुसुना कर आउट डोर में प्रवेश कर जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधक सुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि जिस कंपनी ने टोकन डिसप्ले यूनिट लगाया है, उसे मशीन खराब हो जाने की जानकारी दे दी गई है। संभावना है के चुनाव के बाद टोकन डिसप्ले यूनिट ठीक हो जाएगा।

# स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों का मुफ्त इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह की यूनिट ने शिवलिंग व श्री चरण पादुका स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें 150 लोगों का मुफ्त उपचार किया गया। दो दिनी कार्यक्रम के पहले दिन शिवलिंग व श्री चरण पादुका स्थापना समारोह को धूमधाम से मनाया गया। समारोह को लेकर आश्रम में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफल योनि का पाठ राधेश्याम मिश्रा ने किया। स्थापना दिवस पर गोष्ठी भी आयोजित बाकी गयी जिसकी अध्यक्षता रागिनी राय ने की। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि रश्मि राय व ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राहुल सिंह उपस्थित थे। मंच संचालन संजीत कुमार मिश्रा ने किया। गोष्ठी में श्रीमती रागिनी राय ने कहा कि परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी ने जो समता ,एकता का संदेश दिया था वह मिसाल है। दिन दुखियों की सेवा ही मानवता का धर्म है। कार्यक्रम में कुलपति दिनेश सिंह (डेंटल कॉलेज ), रंजीत सिंह, रविन्द्र नाथ द्विवेदी, विजय पांडेय (सनातन विद्या मंदिर), जयराम मिश्रा राधेश्याम मिश्रा ,लखन पांडेय , विनोद पांडेय ,हक्कानी राम , चंद्रदेव साव, साहेब राम, श्रीकांत मिश्रा, आकाश कुमार , शिवचंद कुमार , बीरबल प्रजापति , विनोद राम ,दुखराज राम अंश राज, केदार पांडेय, आकाश कुमार मिश्रा, श्रेया कुमारी आदि सक्रिय रहे।

## पर्यटन स्थल

# भीमचूल्हा में हाथीनुमा शिलाखंड भी है आस्था व आकर्षण का केंद्र

## घेराबंदी व गहरे नाले को पाटना बताया जाता है जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व के भीमचूल्हा परिसर में स्थित हाथीनुमा विशालकाय शिलाखंड भी लोगों की आस्था और आकर्षण का केंद्र है। इस प्राचीन स्थल के पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने के दौरान विशालकाय शिलाखंड को भी गजराज का रंग रूप दिया गया है। जबकि काफी समय तक बिना सूंड का एक अलग थलग खड़ा विशालकाय शिलाखंड के रूप में इसे देखा जाता रहा था। मगर जिस जगह वह मौजूद है, वहां गहरी खाई है। खाई की खुदाई बाद में कादलकुर्मी गांव को बरसात के पानी में डूबने से बचाने के लिए की गई। जबकि उसे पाटा नहीं गया। यही वजह है कि पर्यटन और मेला को लेकर वह क्षेत्र डेंजर जोन बना हुआ है। जो हादसे को आमंत्रित करता नजर आती है। वैसे, भी बगल से गुजरी मुख्य सड़क से अनियंत्रित होकर गिरे एक बाइक सवार की खाई में गिरने से मौत हो चुकी है। बताया गया कि भीमचूल्हा का मुआयना करने के दौरान निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने वहां की हथिया खतरनाक स्थिति को देखते हुए घेराबंदी कराने का आदेश दिया था। मगर इस दिशा में कोई काम अबतक नहीं किया गया है। जबकि वहां पहुंचा हर कोई इसके आगे लंबी गहरी खाई और उत्तर-पश्चिम दिशा में तालाब जैसी गहराई को देखते हुए नाले को पाटने के साथ ही हाथीनुमा शिलाखंड की घेराबंदी को जरूरी बताता है। वैसे, पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि इस पर्यटक स्थल के विकास के और कई काम के साथ खाई को पाटने व हथिया पत्थर की घेराबंदी की बात अधिकारियों के स्तर से कही जाती है। अब कब तक इसे कार्यरूप देकर हथिया पत्थर के एरिया को डेंजर जोन से सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है, देखने वाली बात होगी।



PR No. 339965 (Election) 2024-25

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹76,340 10 ग्राम

₹90,240 01 किलो

सेंसेक्स 79,496.15 +9.83 | डॉलर 84.401 +0.015

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



कार्तिक शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 12 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-28, पृष्ठ-10 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



# झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 : पलामू प्रमंडल में कांटे की टक्कर

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में पलामू प्रमंडल की 9 सीटों पर इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 5 सीटों पर कब्जा किया था, जबकि कांग्रेस और अन्य ने 4 सीटें जीती थी। 2024 के चुनाव में एनडीए को इंडी गठबंधन और निर्दलीय उम्मीदवारों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भोंपू का शोर थम चुका है, और अब डोर-टू-डोर जनसंपर्क का दौर शुरू हो गया है। मतदाता क्षेत्र की समस्याओं और 5 साल का लेखा-जोखा के साथ चुपचाप स्थिति का अवलोकन कर रहे हैं, जिससे प्रत्याशियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रमंडल के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य समस्याओं में पेजयजल, सड़क, सिंचाई सुविधा का अभाव, औद्योगिक विकास का नहीं होना, कई पुरानी अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराने का मुद्दा शामिल हैं।

**डालटनगंज विधानसभा: भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर :** डालटनगंज सीट से 24 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के आलोक चौरसिया और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी के बीच माना जा रहा है। 2019 में कांग्रेस केएन त्रिपाठी को 82,181 मत मिले थे, जबकि भाजपा के चौरसिया को 1,03,698 मत मिले थे, और उन्होंने 21,517 मतों से जीत दर्ज की थी। इस बार कांग्रेस अपने पूरे प्रयास में है, जबकि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय नेताओं के समर्थन से सीट बचाने की कोशिश कर रही है। निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप सिंह नामधारी भी चर्चा में हैं।

**पांकी विधानसभा: भाजपा के लिए सीट बचाने की चुनौती :** पांकी सीट पर 16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के कुशवाहा शशि भूषण मेहता सीट बचाने में लगे हुए हैं। 2019 में मेहता को 93,184 मत और दूसरे स्थान पर रहे देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को 55,994 मत मिले थे। इस बार लाल सूरज, जो भाजपा के सहयोगी थे, कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे हैं, जिससे मुकाबला और कठिन हो गया है।

**छतरपुर विधानसभा: बहुकोणीय मुकाबले में मत विभाजन की संभावना** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा की पुष्पा देवी, कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर, सपा की ममता भुईयां, और राजद के विजय राम प्रमुख उम्मीदवार हैं। इंडी गठबंधन के भीतर के दोस्ताना संघर्ष से मत विभाजन की संभावना है, जो परिणाम को प्रभावित कर सकता है।

**विश्रामपुर विधानसभा: चतुष्कोणीय मुकाबले में मतदाताओं की प्राथमिकता महत्वपूर्ण :** विश्रामपुर सीट पर 20 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी, राजद के नरेश प्रसाद सिंह, सपा की अंजू सिंह, और झारखंड युवा विकास पार्टी की जागृति दुबे मुख्य रूप से चर्चा में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यहां चुनाव चतुष्कोणीय है, और मतदाताओं की प्राथमिकताएं तय करेंगी कि कौन आगे निकलता है।

**हुसैनाबाद विधानसभा: जातीय समीकरण और प्रत्याशियों की छवि का प्रभाव :** हुसैनाबाद सीट पर इस बार कई प्रत्याशी हैं, जिनमें भाजपा के कमलेश कुमार सिंह, निर्दलीय विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, राजद के संजय सिंह यादव और बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता शामिल हैं। जातीय समीकरण और प्रत्याशियों की व्यक्तिगत छवि भी यहां परिणाम को प्रभावित कर सकती है। इस चुनाव में भाजपा के दो बागी उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में विनोद कुमार सिंह और कर्नल संजय कुमार सिंह मैदान में हैं। इस क्षेत्र मेंजपला को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित करने की मांग प्रमुख हैं।

**गढ़वा विधानसभा: सपा प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह के मैदान में उतरने से समीकरणों पर असर :** गढ़वा विधानसभा से कई प्रत्याशी हैं, इनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के मिथिलेश ठाकुर, भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी, और सपा के गिरिनाथ सिंह चर्चा में हैं। सपा के गिरिनाथ सिंह के चुनाव में उतरने से इस क्षेत्र के चुनावी समीकरण बदल सकता है। 2019 में मिथिलेश ठाकुर को 1,06,189 मत मिले थे, जबकि सत्येंद्र नाथ तिवारी को 82,945 मत मिले थे।

**भवनाथपुर विधानसभा: भाजपा और झामुमो के बीच मुकाबला :** भवनाथपुर सीट से भाजपा के भानु प्रताप शाही और कांग्रेस के अनंत प्रताप देव प्रमुख प्रत्याशी हैं। 2019 के चुनाव में शाही को 96,881 मत मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं सोगरा बीवी को 56,914 मत मिले थे। इस बार सोगरा बीवी झामुमो प्रत्याशी का समर्थन कर रही हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

**लातेहार और मनिका विधानसभा : कांटे की टक्कर :** लातेहार और मनिका विधानसभा सीटों पर भी मुकाबला कांटे का बना हुआ है। यहां के मतदाता पिछले कार्यकाल की विकास योजनाओं का आकलन कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल के मतदाता अभी खामोश हैं और 13 नवंबर को मतदान के दौरान ही उनकी मंशा स्पष्ट होगी कि वह किस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवर सचिव को किया निलंबित



**रांची।** निर्वाचन सदन के कार्यालय परिसर में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रभारी व सदस्यों के साथ बातचीत के क्रम में अवर सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग संजय प्रसाद श्रीवास्तव को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सेवा से निलंबित कर दिया है। साथ ही इनकी सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड को वापस करने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों को समान अवसर प्राप्त हो, इसके लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल के प्रति किसी भी प्रकार के पक्षपात या किसी को विशेष संरक्षण से सम्बन्धित पाए जाने पर निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों पर सख्ती से कर्रवाई करने का निर्देश है।

# सरकार बनी तो हुसैनाबाद को मिलेगा इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज : हेमंत सोरेन



नवीन मेल संवददाता

**हैदरनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में एक बार फिर महागठबंधन की सरकार बनने पर हुसैनाबाद में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज का स्थापना किया जायेगा। वह सोमवार को स्थानीय हाई स्कूल के मैदान में भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव के साथ हुसैनाबाद से राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा तानाशाह पार्टी है। इससे गरीब गुरबों, दलितों, पिछड़ों सहित सभी वर्गों के मतदाताओं को सावधान रहने की जरुरत है। भाजपा राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में धर्म, जाति के नाम पर नफरत फैलाने का कार्य कर **शेष पेज 09 पर**

### केंद्र सरकार 11 सालों से बैंक व रेलवे में 20 हजार बहाली नहीं किया : पप्पू यादव



**मेराल।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन यादव उर्फ पप्पू यादव ने सोमवार को पेशका हाई स्कूल के मैदान में महागठबंधन की ओर से आयोजित जनसभा में राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनाने के लिए जनता से अपील की। वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित सह झामुमो प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश ठाकुर के समर्थन में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ हिन्दू मुस्लिम **शेष पेज 09 पर**

### देश का सारा फायदा अडानी, अंबानी को दिया जा रहा : खड़गे



**छतरपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के समय ईडी व सीबीआई से डराने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेसी इससे डरने वाली नहीं है। कांग्रेस का इतिहास बलिदान कर रहा है। देश की एकता अखंडता के लिए कांग्रेस ने जितनी कुर्बानियां दी है, वह एक मिशाल है। वह सोमवार को पलामू जिला के छतरपुर हाई स्कूल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर 2500 रुपये महिलाओं को प्रतिमाह खाता में जायेगा। गैस सिलेंड भी 450 रुपाए में मिलेगा। भाजपा नफरती पार्टी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेते हुए कहा **शेष पेज 09 पर**

# घुसपैठियों से झारखंड को बड़ा खतरा : योगी



**- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ ने मेदिनीनगर, हुसैनाबाद, पांकी, श्रीवंशीधर नगर में की सभा**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर\हुसैनाबाद\ पांकी\श्रीवंशीधर नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पलामू जिला के मेदिनीनगर, हुसैनाबाद, पांकी व गढ़वा जिला के श्रीवंशीधर नगर में चुनावी जनसभा कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया। पलामू जिला के मेदिनीनगर में आलोक चौरसिया, हुसैनाबाद में कमलेश कुमार सिंह, पांकी में कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता व श्रीवंशीधर नगर में भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही को विधानसभा चुनाव में सहयोग कर राज्य में स्थिर व विकास करने वाली सरकार बनाने के लिए भाजपा को मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजद झामुमो व कांग्रेस की गठबंधन सरकार विकास नहीं विनाश के दूत हैं। जिन्होंने पांच साल तक झारखंड के बालू, जंगल सहित स्वाभिमान को भी बेच दिया है। इसलिए, झारखंड में एनडीए की सरकार बनाना है। इस बार झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं। विकास की गाड़ी तेजी से चलेगी। उन्होंने कहा कि वह अपने राज्य में कई स्थानों का नाम बदलने का काम किया है। यहां भी भाजपा की सरकार बनने पर हुसैनाबाद का नाम रामनगर करेंगे। उन्होंने आलोक कुमार चौरसिय, कमलेश कुमार सिंह, डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता, भानू प्रताप शाही की तारीफ की। कहा कि बटे तो कटे थे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे। उन्होंने सभी से हिंदुत्व व संस्कृति की रक्षा के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाने व भाजपा प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जीताकर विधानसभा भेजने का आह्वान किया। **शेष पेज 09 पर**

## झामुमो का घोषणा पत्र जारी, डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण बढ़ाने का वादा

**रांची।** झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के बड़े घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पहले चरण की 43 सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी के सुप्रीमो शिबू सोरेन द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को झामुमो ने अधिकार पत्र नाम दिया है। पार्टी ने 1932 के खतियान (जमीन सर्वे का कागजात) आधारित स्थानीय नीति (डोमिसाइल पॉलिसी) लागू करने, एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण कोटे में वृद्धि, सरना-आदिवासी धर्म कोड लागू कराने का वादा किया है। पार्टी ने कहा कि किसानों को बिना ब्याज के ऋण मिलेगा। पार्टी ने राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने का भी संकल्प व्यक्त किया है। पूर्व की रघुवर सरकार के समय लाए गए भूमि अधिग्रहण (झारखंड) संशोधन कानून, 2017 और लैंड बैंक नीति को रद्द करने का भी ऐलान पार्टी ने किया है। भूमि दस्तावेजों को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया में भाजपा सरकार द्वारा गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सत्ता में आने के बाद झामुमो इस प्रक्रिया में ग्राम सभा के सशक्त हस्तक्षेप को सुनिश्चित करेगी और गड़बड़ी करने वालों को दंड दिया जाएगा। आदिवासी हितों के संरक्षण का वादा करते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों और पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा।

### आज | कल




# पहले चरण की 43 सीटों पर थमा प्रचार, मैदान में 683 उम्मीदवार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर सोमवार शाम प्रचार थम गया। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला सोमवार से शुरू हो गया। पहले चरण की सीटों में 6 एससी और 20 एसटी के लिए सुरक्षित हैं। सामान्य सीटों की संख्या 17 हैं। इन सीटों पर मतदाता पूर्व सीएम चंपई सोरेन और झारखंड की मौजूदा सरकार के छह कैबिनेट मंत्रियों डॉ. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरूआ एवं बैद्यनाथ राम के अलावा कुल 683 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला **शेष पेज 09 पर**



- **609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर के हैं।**
- **950 बूथों पर मतदान समाप्ति की अवधि शाम चार बजे होगी,**
- **17 सामान्य, 20 एसटी और 6 एससी सीट पर पड़ेंगे वोट**
- **1.37 करोड़ मतदाता प्रथम चरण के मतदान में हिस्सा लेंगे**
- **68.73 लाख पुरुष मतदाताओं की संख्या है इन सीटों पर**
- **68.36 लाख महिला मतदाताओं की संख्या है इन सीटों पर**

### 225 में से 194 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग, शेष पर आज

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की 43 सीटों पर प्रचार अवधि समाप्त हो गयी है। मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को 225 में से 194 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से मतदान कर्मियों को पहुंचा दिया गया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में पोलिंग पार्टियों को बसों और ट्रेनों के जरिए भी भेजा गया है। बाकी बचे बूथों पर मंगलवार को हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को बूथों पर पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में कोई हेलीड्रापिंग नहीं होगी। प्रथम चरण में 13 नवंबर को सुबह सात से पांच बजे तक मतदान होगा। 950 बूथों पर मतदान समाप्ति की अवधि शाम चार बजे होगी, लेकिन मतदान समय की समाप्ति के बाद भी कतार में खड़े लोग मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान वाले क्षेत्र में चुनाव प्रचार आदि के लिए बाहर से गए राजनीतिक नेता, कार्यकर्ता को वह जगह तत्काल छोड़ देना है। वे ही वहां रह सकेंगे, जो उस क्षेत्र के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्पष्ट गाइडलाइन है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मतदान वाले क्षेत्र में नहीं रहेगा। इसमें बीमारी की हालत में छूट के लिए मेडिकल बोर्ड के परीक्षण के परिणाम के आधार पर निर्णय होगा। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

## इंडिया | जातीय जनगणना कटेंगे तो बटेंगे के बीच पिछड़े झारखंड का मुद्दा गुम




कभी कहा जाता था प्यार और जंग में सब जायज है अब लोग कहते हैं चुनाव में सब जायज है । पिछड़े राज्यों में आगे झारखंड के चुनाव में स्थानीय मुद्दे हाशिए पर चले गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ और आदिवासी महिलाओं से शादी के बाद आदिवासी जनसंख्या के 10 % घटने को बड़ा मुद्दा बना रही बीजेपी से त्रस्त विपक्ष ने जातीय जनगणना को मुद्दा बनाकर भाजपा को घेरने की कोशिश की तो उसने योगी आदित्यनाथ से उनके नारे बटेंगे तो कटेंगे से एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की। खनिज भंडार से समृद्ध इस राज्य की जनसांख्यकी में विगत वर्षों में हुए असुंतलन को साथ ही परिवारवाद व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के कथित काले कारनामों को भारतीय जनता पार्टी ने अपना चुनावी मुद्दा बनाया है। हरियाणा का चुनाव परिणाम आने के बाद देश का राजनैतिक वातावरण बदल गया। झारखंड और महाराष्ट्र सहित जहां-जहां विधानसभा उपचुनाव होने जा रहे हैं सभी जगह एनडीए और इंडी दोनों गठबंधनों का समीकरण बदला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' हरियाणा से होता हुआ बांग्लादेश और कनाडा तक पहुंच गया है। जाति के आधार पर हिंदू समाज को विभाजित कर सत्ता की आस लगाए इंडी गठबंधन पर इसका खासा असर पड़ा है । झारखंड में भारतीय जनता पार्टी पहली बार इतनी आक्रामकता के साथ हिंदुत्व की बात करते हुए चुनाव प्रचार कर ही है जिसका नेतृत्व असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथ में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता कह रहे हैं कि यह चुनाव किसी विधायक को चुनने का नहीं है अपितु अपना अस्तित्व बचाने का है। जब हम हिंदू बचे रहेंगे तभी तो अपना विधायक और सांसद चुन सकेंगे, अपनी सरकार चुन सकेंगे। राज्य में भाजपा ने माटी, रोटी और बेटी बचाने का संकल्प लिया है और समाज की चार जातियों महिला, किसान, युवा और गरीब जनता के लिए वादों का पिटारा खोलते हुए उत्तराखंड व गुजरात की तरह राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का निश्चय व्यक्त किया है। जबकि वादों में एक कदम बढ़कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगे। पीएम मोदी ने इस बार रोटी -बेटी और माटी के साथ-साथ नोटों के पहाड़ का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। झारखंड की जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार, घुसपैठ और आदिवासियों को लड़ाने के मुद्दे पर हेमंत सोरेन पर जमकर प्रहार किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ जो व्यवहार किया गया वह भी बीजेपी की जनसभाओं में जनता को याद दिलाया जा रहा है। योगी



आदित्यनाथ और पीएम ने अपनी जनसभाओं में कहा कि अपनी ताकत का एहसास कराइए जातियों में बंटना नहीं है जाति के नाम पर कुछ लोग बांटेंगे लेकिन आप लोग एक रहिए सेफ रहिए। मुख्यमंत्री योगी ने सोरेन सरकार में मंत्री रहे आलमगीर आलम के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद होने पर उनकी तुलना औरंगजेब से की और कहा कि औरंगजेब ने देश को लूटा था मंदिरों को नष्ट किया था, उसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चे का एक मंत्री था जिसका नाम था आलमगीर। आलमगीर आलम जिसके घर से नोटों की गड्डियां मिली थीं। आजकल बांग्लादेश से लेकर कनाडा तक हिंदुओं के मदिरों व उनके पर्वों को निशाना बनाते हुए उन पर हमले किये जा रहे हैं। इन हमलों को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से कांग्रेस व विपक्ष यही काम करती आ रही है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या आदि को बुला रहे हैं जो एक दिन आपको घर के अन्दर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। मैं तो कहता हूं कि जब भी बटे हैं निर्ममता से कटे हैं। राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि पिछले दिनों जिस प्रकार कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला किया गया और फिर वहां की पुलिस ने भी हिंदुओं को ही आरोपी बना डाला उसका स्वयं प्रधानमंत्री ने तीखा विरोध किया वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के किसी भी नेता ने हिंदुओं पर हो रहे हमलो की निंदा तक नहीं की जिसका असर गठबंधन के चुनावी परिणामों पर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी के नये नारे का ही प्रभाव है कि अब बांग्लादेश से लेकर कनाडा तक का हिंदू और सिख सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। कनाडा के हिंदुओं ने भी योगी जी के नारों 'बटेंगे तो कटेंगे तथा एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे, नेक रहेंगे' जैसे नारो का उद्घोष कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। योगी जी के नारों की काट के लिए राहुल गांधी ने आरक्षण 50 % से अधिक करने का वादा किया और आदिवासी ईसाई बहुल सिमडेगा में उनकी उपेक्षा का मुद्दा उठाया कि आज टीवी में कोई आदिवासी एंकर नहीं है।

# झारखंड से घुसपैठियों को चिह्नित करने के लिए बनेगी कमेटी : अमित शाह



**चंपाई जब घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो हेमंत ने उन्हें सीएम पद हटा दिया**

**सरायकेला।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा झारखंड घुसपैठ से परेशान है। चंपाई सोरेन ने जब घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो हेमंत सोरेन ने उन्हें सीएम पद छोड़ने को कहा। भाजपा की सरकार बना दो, आदमी तो क्या परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। झारखंड में एक-एक घुसपैठिए को चिह्नित करने के लिए कमेटी बनाई जाएगी। शाह ने भाजपा प्रत्याशी चंपाई सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन और गुरुजी शिबू सोरेन के साथ कई सालों तक वफादारी के साथ काम किया लेकिन जिस तरह इनको अपनामित कर निकाला गया, वह पूरे झारखंड का अपमान है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर एक-एक पाई **शेष पेज 09 पर**

# पलामू में 13 नवंबर को चुनाव : 200 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, शेष आज रवाना होंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आगामी 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने हैं। इसके तहत जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1796 मतदान केंद्रों पर मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। पहले दिन 200 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं, जबकि शेष मतदान केंद्रों के लिए मंगलवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के तहत गढ़वा जिले के भंडरिया इलाके के कुछ दूरस्थ और कठिनाईपूर्ण पहुंच वाले मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजने की विशेष व्यवस्था की गई है। यह हेलीकॉप्टर चियांकी हवाई अड्डे से उड़ान भरेगा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैयार इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षित मतदान संचालन सुनिश्चित करेगा।



### जीएलए कॉलेज से पोलिंग पार्टियों की रवानगी

पोलिंग पार्टियों को जीएलए कॉलेज परिसर से रवाना किया जा रहा है, जहां सभी मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों की रवानगी का जायजा लिया। उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार को 200 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं हैं। शेष पोलिंग पार्टियां मंगलवार को रवाना होंगी ताकि मतदान प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से संपन्न हो सके। सुरक्षा कारणों से इस बार 12 मतदान केंद्रों के स्थान में बदलाव किया गया है। जिला प्रशासन ने इन केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो सके।

# थम गया चुनाव प्रचार, डोर टू डोर कैंपेन करेंगे प्रत्याशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू विधानसभा चुनाव के पहले चरण में पांच सीटों पर होने वाले चुनाव प्रचार सोमवार को तीन बजे समाप्त हो गए। मंगलवार से केवल प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन करेंगे। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में डाल्टनगंज, पांकी, हुसैनाबाद, विश्रामपुर और छत्तरपुर शामिल हैं, जहां बुधवार को मतदान होगा।

**मैदान में हैं कुल 94 उम्मीदवार :** इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 94 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें डाल्टनगंज में 24, पांकी में 16, विश्रामपुर में 20, छत्तरपुर में 14 और हुसैनाबाद में 20 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान :** 13 नवंबर को मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा और शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। मतदाताओं को मतदान के लिए अपने वोटर आईडी कार्ड के साथ एक अन्य पहचान दस्तावेज भी लाना होगा। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के लिए मतदाता पर्ची अपने साथ लेकर आएं। जिन लोगों को मतदाता पर्ची नहीं मिली है, वे मतदान केंद्र पर बीएओ या वालेंटियर से संपर्क कर टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 प्रकार के अन्य पहचान दस्तावेजों से भी मतदाता अपनी पहचान साबित कर सकते हैं।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर बारालोटा की नई कमेंटी गठित

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर बारालोटा में अरुण कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में स्थानीय लोग, कई गणमान्य व्यक्ति, पूर्व कमिटी के कई लोग, और ग्रामीण जनता उपस्थित हुए। इस बैठक में पुरानी कमिटी को भंग किया गया। मंदिर को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक नई कमिटी के गठन करने का निर्णय लिया गया।

**नयी कमिटी में पदाधिकारी चयनित हुए :** अध्यक्ष- गोविन्दा तिवारी, उपाध्यक्ष- मिथिलेश दुबे, सचिव- संजीव तिवारी, उपसचिव- अंकित सिंह एवं सत्यम पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- अभिषेक तिवारी, उपकोषाध्यक्ष- नितीश तिवारी एवं विकास पाण्डेय, संरक्षक- शुभम मिश्रा एवं अरुण कुमार तिवारी, मीडिया प्रभारी सह संचालक- रवीन्द्र कुमार तिवारी, भण्डार पाल- छोटु दुबे, कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर- जितेन्द्र तिवारी, मुकेश तिवारी, बिनोद तिवारी, अजय कुमार पाण्डेय, पिंकू तिवारी, शिवाजी, वैभव उपाध्याय, विकास पाण्डेय, सोनु गुप्ता, सत्यम पाण्डेय, ऋषिकेश दुबे, अश्विनी पाण्डेय, अनुज तिवारी, अजय शुक्ला, राकेश तिवारी एवं नितीश दुबे को सर्वसम्मति से चुना गया। इस बैठक में नई कमिटी के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मंदिर के रखरखाव के लिए एवं इसे सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं का आलम : मरीजों की परेशानियां बढ़ीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सोमवार को अव्यवस्थाओं के कारण कई परेशान करने वाली तस्वीरें देखने को मिलीं। सदर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज में बदले जाने के बावजूद सुविधाओं की कमी बरकरार है। अस्पताल में आने वाले गरीब मरीज अक्सर अपने हाल पर या भगवान भरोसे ही होते हैं।



एक वृद्ध दंपति इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टरों ने उन्हें भाप लेने की सलाह दी, लेकिन अस्पताल में न तो बेड की व्यवस्था थी और न ही मशीन रखने का उचित स्थान। मजबूरन वृद्ध को भाप मशीन हाथ में उठाकर रखना पड़ा ताकि उनकी पत्नी को भाप मिल सके।

दोपहर के समय, अस्पताल में करीब आधे घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही, जिससे भीतर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा था। मरीजों और कर्मचारियों को इस कारण काफी दिक्कतें हुईं।

**प्रशासनिक निरीक्षण और अस्थायी इंतजाम :** हाउसिंग कॉलोनी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के चलते एनएसजी जवानों और वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके बाद वैकल्पिक बेड की व्यवस्था के आदेश दिए गए, जिससे सर्जरी ओपीडी 2 को कुछ मिनटों में वार्ड के रूप में बदल दिया गया। इस कारण सर्जरी ओपीडी में आए मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# विकास प्रीतम का आरोप : 'झूठी और निकम्मी है जेएमएम सरकार'

- **राज्य को संवारने का काम केवल भाजपा ही कर सकती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता और पलामू मंडल प्रभारी विकास प्रीतम ने जेएमएम सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ विधायक और सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि झारखंड को बचाने के लिए हो रहा है। सोमवार को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के समर्थन में आयोजित सभा में विकास प्रीतम ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार झूठे वादों पर आधारित है और इसमें नेतृत्व की कमी है।

**सरकारी वादों पर उठाए सवाल :** विकास प्रीतम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद उन्होंने युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। इस सरकार में भर्ती परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक जैसे मामले सामने आए हैं। चुनाव से पहले मंइयां सम्मान योजना लाने वाली सरकार पर अब जनता का भरोसा नहीं है, जबकि भाजपा के वादों पर जनता का विश्वास है।



**भाजपा ही करेगी राज्य का विकास :** प्रीतम ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और भाजपा ही इसे संवारने में सक्षम है। उन्होंने लोगों से भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर सत्ता में लाने का आग्रह किया, ताकि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार से विकास को गति मिल सके।

**सांसद वीडी राम ने दी सावधानीपूर्वक मतदान की अपील :** सभा में सांसद वीडी राम ने कहा कि हर पांच साल में चुनाव का पर्व आता है, जहां जनता नेताओं के गुण-दोष का विश्लेषण कर सही प्रतिनिधि का चयन करती है। उन्होंने लोगों से कहा कि मतदान में कोई चूक न हो, क्योंकि इसका असर पांच साल तक झेलना पड़ेगा। वीडी राम ने कहा कि वर्तमान में भाजपा के हाथों में ही राज्य का भविष्य सुरक्षित है।

**आलोक चौरसिया ने मांगा समर्थन :** भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने जनता से आशीर्वाद मांगा और कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन की जरूरत है। उन्होंने युवाओं को रोजगार देने और राज्य का भविष्य संवारने के लिए भाजपा सरकार को जरूरी बताया। आलोक ने लोगों से कमल के फूल पर मतदान करने का आग्रह किया।

सभा में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, भाजपा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां, विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडेय और अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव : योगी आदित्यनाथ की रैली में जा रहे बुलडोजर प्रशासन ने किए जब्त



**मेदिनीनगर।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित योगी आदित्यनाथ की रैली में शामिल होने जा रहे बुलडोजरों को प्रशासन ने जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई सरकारी नियमों और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। सभी जब्त बुलडोजरों पर भाजपा के पोस्टर और योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें लगी थीं, जो समर्थन स्वरूप रैली में शामिल किए जा रहे थे। जब्त बुलडोजरों को शहर थाना परिसर में रखा गया है।

# सीएम योगी के आगमन पर उमड़ी भीड़, बाइपास रोड पर लगा जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहली बार मेदिनीनगर आगमन पर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उनके चुनावी सभा में पहुंचने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके आने से पहले डॉग स्क्वायड ने हेलीपैड से मंच तक के पूरे रास्ते की तलाशी ली। निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटे की देरी से, वे दोपहर 3:30 बजे अस्थायी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरे और मंच पर पहुंचते ही उन्होंने हाथ हिलाकर उपस्थित जनता का अभिवादन किया।



इस दौरान, पत्रकारों के लिए मंच से दूर विशेष क्षेत्र निर्धारित किया गया था। सीएम योगी के आगमन पर भीड़ ने जोरदार 'श्री राम' के नारे लगाए, और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा में तैनात जवान सतर्क दिखे। उत्साहित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा, क्योंकि भीड़ बांस की बैरिकेडिंग की ओर बढ़ने लगी थी।

**सीएम योगी के आगमन पर बाइपास रोड पर ट्रैफिक जाम :** सीएम योगी को सुनने के लिए हजारों लोग उमड़े। टेंट की क्षमता से अधिक लोग बाहर खड़े होकर उनके विचार सुन रहे थे। इसमें कई ऐसे लोग भी शामिल थे, जो किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े थे, लेकिन योगी के भाषण को सुनने के लिए उत्सुक थे। कार्यक्रम से पहले बाइपास रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगने के कारण यातायात बाधित हुआ। कार्यक्रम समाप्ति के बाद लौटती भीड़ से बैरिया चौक से लेकर रेड़मा चौक तक जाम की स्थिति बनी रही।

**योगी समर्थकों में खासा उत्साह :** सीएम योगी के इस आगमन पर भाजपा समर्थक जोश में दिखे। नरसिंहपुर पथरा से आए एक व्यक्ति और युवकों का दल अपने शरीर पर भाजपा के झंडे के रंग में रंगा नजर आया। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय प्रत्याशी आलोक चौरसिया, योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी के बड़े प्रशंसक हैं और योगी को पहली बार देखने पर बेहद उत्साहित हैं।

**योगी के विचारों पर लोगों की प्रतिक्रियाएं :** पोलपोल से आए अभय कुमार ने कहा, 'योगी जी की बातों से हम सभी सहमत हैं। जब हम एक रहेंगे, तभी सुरक्षित रह पाएंगे।' पाटन से आए धीरज पांडेय ने कहा, 'मैं सिर्फ सीएम योगी को सुनने आया था। आज पहली बार उन्हें देखा, तब समझ में आया कि उन्हें हिंदू हृदय सम्राट क्यों कहा जाता है।'

# बीपीएल कार्ड धारकों को अब मुफ्त में नहीं मिल पा रहा सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदनी राय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में विगत 22 अक्टूबर से बीपीएल कार्ड धारकों के लिए सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की सेवाएं निःशुल्क नहीं दी जा रही हैं। इससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मणिपाल हेल्थ मैप द्वारा संचालित इस सेवा के तहत बीपीएल परिवारों के लिए यह जांचें मुफ्त में होती थीं, लेकिन पिछले 15 दिनों से यह सुविधा बंद है। इस संबंध में मणिपाल हेल्थ मैप के सेंटर मैनेजर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह सेवा सरकार द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि से संचालित होती है। लेकिन फरवरी 2024 से सरकार का भुगतान बकाया है, जबकि अगस्त 2023 से अल्ट्रासाउंड के भुगतान में भी देरी हो रही है।




सिंह ने बताया कि इस स्थिति के बारे में अस्पताल अधीक्षक और जिलाधिकारी को कई बार सूचित किया गया है, लेकिन बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण बीपीएल धारकों के लिए सीटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। फिलहाल, जो सीटी स्कैन किए जा रहे हैं, वे सरकारी निर्धारित दरों पर किए जा रहे हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी कुमार ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि मणिपाल हेल्थ मैप के बकाया राशि के लिए सरकार को दो बार पत्र लिखा गया है, लेकिन बजट में पैसे की कमी के कारण भुगतान नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि जब तक नई सरकार का गठन नहीं होता या बजट की राशि उपलब्ध नहीं होती, तब तक बीपीएल धारकों के लिए यह सेवाएं फिर से मुफ्त नहीं हो सकतीं।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरी : पलामू डीसी शशि रंजन की प्रेस वार्ता

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सख्त इंतजाम

- **44 लाइसेंसधारी के लाइसेंस कैंसिल किए जाएंगे : डीसी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के दूरस्थ इलाकों के लिए 200 से अधिक पोलिंग पार्टियां रवाना की जा चुकी हैं, जो अपने-अपने बूथों पर सुरक्षित पहुंच गई हैं। इस चुनाव में मतदान कर्मियों और ईवीएम की मूवमेंट को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा है ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। मंगलवार को शेष पोलिंग पार्टियां गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से बूथों के लिए रवाना होंगी।



**ब्रीफिंग और मतदान का समय :** डीसी शशि रंजन ने बताया कि मंगलवार सुबह 7:30 बजे से सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान कर्मियों की ब्रीफिंग होगी। इसके बाद उन्हें उनके बूथों के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान का समय अधिकतर बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा, जबकि 49 संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा कारणों से शाम 4 बजे तक ही मतदान संपन्न होगा। इन 49 बूथों में डाल्टनगंज विधानसभा के 35, विश्रामपुर के 4, छत्तरपुर के 4 और हुसैनाबाद के 6 बूथ शामिल हैं।

**आर्म्स लाइसेंस और आचार संहिता का पालन :** डीसी ने बताया कि जिले में कुल 1135 आर्म्स लाइसेंसधारियों में से 993 लोगों ने अपने हथियार जमा करा दिए हैं। 44 लाइसेंसधारी ऐसे हैं जिन्होंने अपने हथियार जमा नहीं कराए, जिनके लाइसेंस कैंसिल किए जाएंगे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब तक 26 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**सुरक्षा और जब्ती :** सुरक्षा की दृष्टि से सभी बूथों पर सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की तैनाती की गई है। पांच विधानसभा क्षेत्रों में 18.27 लाख रुपये जब्त किए गए, जिसमें से सबसे अधिक 15.77 लाख रुपये विश्रामपुर विधानसभा से बरामद हुए हैं। इसके अलावा, 57,731.28 लीटर अवैध शराब और 8.64 लाख रुपये मूल्य की अवैध ड्रग्स जब्त की गई हैं।

**मीडिया कवरेज के लिए विशेष प्रबंध :** मीडिया कवरेज के लिए पत्रकारों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीसी शशि रंजन ने कहा कि चुनाव के दौरान पत्रकार किसी भी समस्या का सामना करने पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

**चुनाव प्रचार थमा, ड्राई डे घोषित :** 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है, हालांकि डोर-टू-डोर अभियान पर रोक नहीं है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान ड्राई डे घोषित किया गया है और बाहर से आए राजनीतिक कार्यकर्ताओं को शहर में रुकने की अनुमति नहीं होगी।

# प्रतिबंध के बावजूद पलामू में सिंगल यूज प्लास्टिक का बढ़ता इस्तेमाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका इस्तेमाल लगातार जारी है, चाहे वह शहर हो या ग्रामीण इलाके। मेदिनीनगर नगर निगम टीम समय-समय पर छापामारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करती है और व्यापारियों पर जुमार्ना भी लगाती है, लेकिन प्रतिबंध को पूरी तरह से लागू करने में सफलता नहीं मिल पा रही है।



1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन लोग अब भी इसका उपयोग करते हैं। थोक और खुदरा दुकानदार सामान ग्राहकों को सिंगल यूज प्लास्टिक में ही दे रहे हैं, क्योंकि ग्राहक खुद इस प्लास्टिक में सामान लेना पसंद करते हैं। राकेश कुमार ने बताया कि जब ग्राहक सामान लेने आते हैं, तो वह अपना थैला लाने के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक में ही सामग्री मांगते हैं।

सब्जी विक्रेताओं की बात करें, तो बहुत कम लोग कपड़े या जूट के थैले लेकर बाजार आते हैं। अधिकांश लोग सब्जी भी प्लास्टिक के थैले में ही लेते हैं। इस प्लास्टिक का इस्तेमाल करने के बाद लोग इसे जहां-तहां फेंक देते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि मवेशी भी इसे चबाकर बीमार पड़ रहे हैं। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि दुर्गा पूजा और दीपावली के दौरान बाजारों में छापामारी की गई थी और कई व्यापारियों से जुमार्ना भी लिया गया था। हालांकि, सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाया जाएगा, ताकि इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

## एक नजर

### चुनाव ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान की मौत

**भवनाथपुर।** चुनावी ड्यूटी में तैनात होमगार्ड की जवान की मौत हर्ट अटैक से सोमवार के शाम में हो गई। मृतक जवान का नाम मझिगवां निवासी बीरबल राम पिता विश्वनाथ राम 58 वर्ष बताया जा रहा है। हर्ट अटैक के बाद उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बीरबल राम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-यूपी सीमा पर खरौंधी थाना क्षेत्र के बाजरमरवा चेक पोस्ट पर चुनावी ड्यूटी में तैनात थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी ने लिया संज्ञान

# पेट्रोल प्रलोभन के आरोप में भाजपा मंडल अध्यक्ष पर प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के उद्देश्य को लेकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में लगातार कार्रवाई जारी है। मतदान दिवस से दो दिन पूर्व सोमवार को भाजपा के गढ़वा मंडल अध्यक्ष पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दरअसल परेश कुमार तिवारी नाम के ट्विटर यूजर ने ट्विटर (एक्स) पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा था कि उक्त मंडल अध्यक्ष मतदाताओं को लुभाने के लिए एक पेट्रोल पंप की मदद से मतदाताओं को पेट्रोल दिलवा रहे हैं। उक्त पोस्ट को शिकायतकर्ता द्वारा भारत निर्वाचन आयोग तथा निवार्ची पदाधिकारी गढ़वा के निजी हैंडल को भी टैग किया गया है। उक्त वीडियो पर संज्ञान लेते हुए निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मामले की त्वरित जांच व कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फलस्वरुप रोस्टर ड्यूटी में तैनात उड़नदस्ता दल द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप पर मतदाताओं को लुभाने के क्रम में आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवा दी गयी।

### साइलेंस पीरियड में सभी उड़नदस्ता दलों को सक्रिय रहने का निर्देश

निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संयज कुमार ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जोनल दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दलों, स्टैटिक सर्विलांस टीमों, सेक्टर दंडाधिकारियों और वीडियो सर्विलांस टीमों को लगातार अपने अपने प्रतिनियुक्ति क्षेत्रों में सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के लिए 48 घंटे शेष रहने के बाद वस्तुस्थिति अपेक्षाकृत ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। उक्त अवधि निगरानी की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः इस दौरान उपरोक्त सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी सड़क पर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनाए जाने वाले सभी संभावित तरीकों पर कड़ी नजर रखनी होगी। विशेषकर पेट्रोलपंप, अवैध शराब वितरण के अड्डों, होटल-ढाबों, बैंक्विट हॉल आदि पर निरंतर नजर रखनी होगी।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सिलिदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय प्लस टू मतदान केंद्र को सेक्टर मजिस्ट्रेट जयमंगल यादव ने निरीक्षण कर साफ-सफाई, समुचित पानी, बिजली, शौचालय व्यवस्था का जायजा लिया। सभी बीएलओ को मतदान कर्मियों और मतदाताओं को मतदान कार्य में हरसंभव सहयोग का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ को मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में किसी भी दल का कार्यकर्ता या मतदान कर चुके मतदाता इक्कठा नहीं होंगे। केंद्र के अगल बगल किसी भी प्रकार का कोई लावारिश सामान नहीं होना चाहिए। मौके पर बीएलओ उषा देवी, तारा देवी, शारदा देवी मौजूद थी। इस बार रमना प्रखंड अंतर्गत मतदान केन्द्रों को कुल आठ सेक्टर में बांटा गया है, जो अभी से ही मतदान के सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए हैं।

### मतदाता जागरूकता के तहत कैंडल मार्च निकला



**मझिआंव।** बीडीओ कनक के नेतृत्व में 13 नवंबर को होने वाला मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर प्रखंड कार्यालय, अंबेडकर चौक, अस्पताल पहुंच कर समाप्त हो गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक, परमानंद प्रसाद, सुरेश सिंह, नगर पंचायत के सिटी मैनेजर जितेश कुमार, राकेश कुमार पाठक, राकेश श्रीवास्तव, विरेंद्र चौधरी, अमित पाठक सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने वाले 17 पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिला के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। उक्त कार्य के सफल संचालन के लिए 18 सितंबर, 19 सितंबर, 22 सितंबर, 24 सितंबर, 3 नवंबर, 4 नवंबर, 5 नवंबर एवं 6 नवंबर 2024 को प्रथम मतदान प्रशिक्षण व 2 मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले कुल 17 मतदान पदाधिकारी के ऊपर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण के दौरान कुल 17 मतदान पदाधिकारी, कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारियों, कर्मियों से स्पष्टीकरण के माध्यम से जवाब भी मांगा गया। लेकिन उक्त कर्मियों द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया गया है। लापरवाही बरतने व अनिधिकृत अनुपस्थित को लेकर 17 मतदान पदाधिकारी व कर्मी के ऊपर लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। निर्वाचन ऐसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### स्वीप के तहत बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में रात्रि चौपाल का आयोजन



**गढ़वा।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने व नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से निर्वाचन के स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम गढ़वा जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इस कड़ी में मतदाताओं को दिनांक 13 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर, नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा की उपस्थिति में किया गया। स्वीप द्वारा आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में काफी संख्या में आम नागरिक, बृद्ध, महिला युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम मतदाता, विभिन्न कार्यालयों, विभागों के पदाधिकारी, कर्मियों ने भाग लिया। रात्रि चौपाल में मतदान संबंधी विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके जरिये मुख्य तौर पर जरूर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं ने अपना अनुभव साझा किया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित सभी आमजनों के बीच जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### तुलसी विवाह पर करें इन चीजों का दान जीवन में आएगी आर्थिक खुशहाली

**मेदिनीनगर।** तुलसी विवाह कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इसे देवउठनी एकादशी भी कहते हैं। इस साल देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह 12 नवंबर 2024, मंगलवार को हैं। इस साल तुलसी विवाह पर सर्वार्थ सिद्धि, रवि योग व हर्षण योग समेत कई शुभ संयोग बन रहे हैं। मान्यता है कि विधि-विधान से तुलसी माता व भगवान शालिग्राम विवाह कराने से जीवन में आर्थिक संपन्नता व बरकत का आगमन होता है। शास्त्रों के अनुसार, तुलसी विवाह कराने से व्यक्ति को कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है। तुलसी विवाह के दिन कुछ चीजों का दान करना अत्यंत शुभ व लाभकारी माना गया है।

**जानें तुलसी विवाह के दिन क्या दान करना चाहिए :** तुलसी विवाह के दिन वस्त्र, अन्न व आभूषण का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति को तरक्की प्राप्त होती है। जीवन में आर्थिक संपन्नता आती है। हिंदू धर्म में कन्या दान सबसे बड़ा दान माना गया है। इसलिए इस दिन तुलसी माता को अपनी बेटी मानकर विधि-विधान के साथ उनका कन्या दान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। तुलसी विवाह पर संभव हो तो एकादशी का व्रत भी करें। इस दिन धान, मक्का, गेहूं, उड़द, बाजरा व चावल आदि का दान अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सुख-शांति व खुशहाली का आगमन होता है। तुलसी विवाह के दिन गुड़ का दान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

तुलसी विवाह पर सिघाड़ा, शकरकंदी व मौसमी फलों का दान अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## मतदान केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि को बीएलओ कर रहे हैं चिह्नित

### उम्मीदवार इस चिह्नित रेखा से बाहर ही लगाएंगे अपनी मेज /स्टॉल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी 455 मतदान केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि निर्धारित की जा रही है। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में मतदान दिवस पर सभी मतदान केंद्रों से न्यूनतम 200 मीटर की दूरी के बाद ही प्रत्याशियों के मतदान डेस्क, स्टॉल लगाए जा सकेंगे। प्रत्याशियों को 200 मीटर की दूरी पहचानने व समझने में कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर पहले से ही सभी मतदान केंद्रों के बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को इस परिधि को चिन्हित करने के लिए निर्देश किया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों की निगरानी में मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा चूना या पेंट से इसे रेखांकित भी किया जा रहा है। इस बार प्रत्याशियों को 200 मीटर की दूरी पर लगने वाले उनके स्टॉल में सिर्फ एक टेबल व दो कुर्सी लगाने की ही अनुमति है। वे चाहें तो 10.10 वर्ग फीट का एक छायावान या टेंट भी लगा सकते हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों से भी अपील की कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विवाद माहौल में चुनाव संपन्न करवाने में सभी के सकारात्मक सहयोग की जरूरत है। सभी से अनुरोध किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय किए गए नियमों और मानकों का सभी लोग अक्षरशः अनुपालन करें।

### गोवर्द्धन लीला का सुनाया गया रोचक प्रसंग

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत बेलोपाती गांव में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम स्थल की सुंदर सजावट की गई है। मुख्य यजमान सुरेंद्र कुमार मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी दुर्गावती मिश्रा सुबह 11 बजे तक पूजा कराते हैं। उसके बाद दोपहर 2 बजे से श्री धाम अयोध्या से पधारे श्री श्री 1008 श्री अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा कही जा रही है। कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कान्हा के जन्म की कथा को आगे बढ़ाते हुए गोवर्द्धन लीला की रोचक प्रसंग सुनाया। संगीतमय शैली में प्रस्तुत कथा सुन श्रोता झूमते रहे। यहां आ रहे श्रोताओं के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रबंधक पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि 5 नवंबर शुरू हुआ भागवत कथा 12 नवंबर तक चलेगा। 13 नवंबर को कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की पूणार्हूति व भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## बूथों के भौतिक सत्यापन के दौरान कई स्कूल पाए गए बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** बीडीओ सह एआरओ राकेश सहाय ने प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों सह मतदान केंद्रों का रविवार को फिजिकल वेरिफिकेशन किया। उस दौरान उन्होंने कई मतदान केंद्रों को बंद पाया जबकि उन्होंने पहले ही सभी मतदान केंद्र वाले वाले स्कूलों को माम 6 बजे तक खुला रखने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के आलोक में अधिसंख्य स्कूल खुले मिले। उक्त स्कूलों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी राकेश ने कहा कि मतदान केंद्र वाले 4 विद्यालय बंद पाए गए। उक्त कारण उनका भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया। बीडीओ ने कहा कि मझिगावां पंचायत के एक विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र भी बंद पाया गया है। यहां स्कूल का नाम तक नहीं लिखा गया है। कौन स्कूल है यह पता भी नहीं चलता है। उसी तरह मध्य विद्यालय शिवपुर भी बंद पाया गया। उसमें दो मतदान केंद्र संख्या 44 एवं 45 अवस्थित है। वहीं गरदाहा प्लस टू उच्च विद्यालय भी बंद पाया गया। इस स्कूल भवन में स्कूल का कहीं नाम ही नहीं लिखा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार और सोमवार को तमाम बूथों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाना है। उस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा सेक्टर पदाधिकारी मुकेश कुमार मेहता, अजीत कुमार, गणेश सिंह चौधरी, दीपक कुमार यादव, अभिषेक कुमार, नितीश कुमार व कमलेश कुमार भी मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन में शामिल थे। मतदान कर्मी सभी मतदान केन्द्रों पर पहुंच जाएंगे। उससे पूर्व मतदान केंद्रों पर पूरी व्यवस्था दुरुस्त कर ली जानी है।

### निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ता की गाड़ी में लगाई आग

**गढ़वा।** जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र के कुंद्रहे मोड़ पर अज्ञात अपराधियों ने विश्रामपुर से निर्दलीय प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के कार्यकर्ता आनंद विश्वकर्मा की कार में आग लगा दी। आनंद कांडी में जनसंपर्क कर पैतृक गांव बरडीहा से खाना खाकर रविवार रात 11.30 बजे मंझिआंव लौट रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार, बरडीहा के पास एक व्यक्ति ने हाथ देकर आनंद की गाड़ी को रोका। जैसे ही गाड़ी रुकी पीछे से 2 लोग और आ गए। आनंद विश्वकर्मा को जान से मारने और गाड़ी को आग लगाने की बात कहने लगे। तब आनंद जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर भाग निकले।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी अंतिम पड़ाव पर, शेष कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने विधानसभा आम चुनाव को लेकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 80 गढ़वा व 81 भवनाथपुर के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति गढ़वा में बनाये गये रिसीविंग सेंटर, वज्रगृह और मतगणना हॉल के लिए किए गए आवश्यक तैयारियों व चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। अतः सभी बचे शेष तैयारियों को मतदान दिवस के पूर्व ही पूर्ण करें। उस दौरान मतगणना के दिन प्रवेश-निकास, वाहन पड़ाव व सुगमतापूर्ण इवीएम वीवी-पीएटी लाने ले जाने, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडियाकर्मियों की बैठने की व्यवस्था, मतदान दल के सदस्यों, पुलिस के जवान व अन्य संबंधितों के लिए दाल-भात केंद्र का अधिष्ठापन, पेयजल की समुचित व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, बिजली व अन्य बुनियादी सुविधाओं तथा उक्त सभी कार्यों की देखरेख को ले कंट्रोल रूम की व्यवस्था सहित अन्य की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। रिसीविंग सेंटर व मतगणना के लिए विधानसभावार अलग-अलग काउंटर बनाने, प्रवेश निकास हेतु अलग-अलग द्वार बनाने, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, बैरिकेडिंग, विधानसभावार पोलिंग पार्टी के वाहनों का पड़ाव, मतदान उपरांत रिसीविंग सेंटर में ईवीएम-वीवीपीएटी जमा करने के लिए अलग-अलग वज्रगृह बनाने तथा आवश्यक साईनेज बोर्ड लगाने, पानी, शौचालय, लाइटनिंग समेत अन्य समुचित तैयारी तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों, उपरोक्त व्यवस्था में लगे कार्यकारी एजेंसी को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Sri Banshidharnagar/UWSS/2023/636
Date: 11 Nov, 2024
Tender ID: - 2024_UDD_95652_1 PR No.: 338648

Corrigendum- 1

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above the project of "Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340035 Urban Development and Housing (24-25)_D

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

निर्वाचन
अतिमहत्वपूर्ण

आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 80–गढ़वा एवं 81–भवनाथपुर, 76–डाल्टनगंज (पार्ट) एवं 77–विश्रामपुर (पार्ट) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 6727 दिनांक 05.11.2024 के आलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित सभी 1170 मतदान केन्द्रों को "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोशित किया जाता है। अतः गढ़वा जिला के सभी मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ यथा सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटका, पान मसाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 340053 Election(24-25)D

## विस चुनाव 2024

### अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी ने की कार्रवाई

# चार प्रत्याशियों के 13 वाहनों की अनुमति रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चार प्रत्याशी सुजाउद्दीन अंसारी, दिलीप कुमार तिवारी, गोरखनाथ महतो और सोनू कुमार यादव दो-दो लगातार नोटिस के बावजूद 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के बाद भी अपने चुनाव व्यय लेखा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए। उक्त कारण गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार ने इन प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग के जारी गाइडलाइन के अनुपालन के क्रम में विफल मानते हुए इन पर कार्रवाई की है। कार्रवाई के तौर पर इन सभी प्रत्याशियों को जिन प्रचार वाहनों की अनुमति निर्वाची पदाधिकारी ने पूर्व में दी थी उन सब की अनुमति को नौ नवंबर की तिथि से तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर उक्त सभी प्रत्याशी अनुमति निरस्तीकरण के बाद भी इन वाहनों का प्रयोग करते हैं तो उनका यह कृत्य चुनाव-अपराध की श्रेणी में आएगा। उन्होंने कहा कि सुजाउद्दीन खान ने तीन गाड़ियों की परमिशन ले रखी थी। उनमें दो स्कॉर्पियो और एक पिकअप वाहन शामिल हैं। इसी प्रकार एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार तिवारी ने चार स्कॉर्पियो व दो बोलोरो सहित छह गाड़ियों की परमिशन ली हुई थी। गोरखनाथ महतो ने एक टाटा पिकअप व एक बोलेरो सहित दो गाड़ियां और सोनू कुमार यादव ने एक बोलेरो व एक पिकअप यानि कुल दो गाड़ियों की परमिशन निवार्ची पदाधिकारी से चुनाव प्रचार वाहन के रूप में ली थी। उपरोक्त सभी गाड़ियों का परमिट रिटर्निंग आफिसर ने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। साथ ही उड़नदस्ता दल और पुलिस थानों को निर्देश दिया है कि यदि उपरोक्त गाड़ियां चुनाव प्रचार के कार्य में संलग्न दिखें तो तत्काल प्रभाव से जब्त/ सीज करते हुए निकटवर्ती थाना में खड़ा करवायें। उन्होंने अपने उक्त आदेश को लिखित में सभी प्रत्याशियों को उपलब्ध भी कराया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कुछ प्रत्याशियों ने अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी/प्रत्याशियों को समर्थन दे दिया है। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए और चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में इन समर्थन कर चुके प्रत्याशियों के सिक्योरिटी गार्ड वापस लेने की प्रक्रिया के लिए पुलिस को निर्देश दिया जा रहा है। प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर प्रत्याशियों की स्वीकारोक्ति के बाद तत्काल प्रभाव से उनके सिक्योरिटी गार्ड वापस लिए जाएंगे।

### पांचवें दिन तीसरा शव हुआ बरामद

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरबे कोयल नदी में स्नान करने के दौरान डूबे तीन शव में तीसरे बच्चे अमन कुमार का शव सोमवार को मिल गया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मोरबे गांव निवासी अमरनाथ चंद्रवंशी के 9 वर्षीय पुत्र अमन कुमार का शव कांडी थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव के समीप कोयल नदी में सोमवार को पाया गया। गढ़वा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताते चले कि 7 नवंबर को छठ पर्व के दिन दोपहर में नहाने के क्रम में मोरबे गांव के तीन नाबालिग नहाने के क्रम में डूब हो गए थे। उनमें संजय चंद्रवंशी के 14 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार, अमरनाथ चंद्रवंशी के 9 वर्षीय पुत्र अमन चंद्रवंशी व नसीम खलिफा के 7 वर्षीय पुत्री फिजा खातून का नाम शामिल था।

### धीरज साहू ने किया चुनावी सभा, जनता से मांगा समर्थन, कहा

# विपक्षियों का सुर और ताल बेमेल हो गया है

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव के पक्ष में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने चुनावी दौरा किया। इसी क्रम में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड के बड़की चापी पंचायत के बड़का टोली गांव पहुंचे। जहां पर समाजसेवी सह व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता के अगुवाई में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि विपक्षियों के सुर और ताल बेमेल हो गया है। चुनावी कुरुक्षेत्र में उनके द्वारा बरगलाकर वोट बटोरने की मंशा है, उनसे बचने की जरूरत है। कहा कि इन दिनों चुनाव का मौसम है और घूमने वालों की जमात बड़े पैमाने पर मिलेगा। उनसे बचकर रहना है और अपना कीमती वोट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव को दें कांग्रेस पार्टी को दें। ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण साबित हो सके। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना सहित सरकार के कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार की महिलाओं के हित में सबसे महत्वपूर्ण और सहायक योजना है । इसका राज्य की महिलाएं शत प्रतिशत लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार राज्य में सिर्फ और सिर्फ जनता को हासिये पर लटका दिया था। उसे सुधार करने और राज्य में विकास की नई लकीर खींचने में हेमंत सोरेन की अगुवाई में इंडिया गठबंधन सरकार पूरे झारखंड प्रदेश में विकास की रथ को दौड़ाने का कार्य कर दिखाया है।

आज विपक्षी दलों के नेताओं के द्वारा चुनावी जुमलेबाजी कर लोगों को फिर से ठगने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन लोहरदगा विधानसभा के अलावा पूरे झारखंड प्रदेश की जनता जागरुक है। इन्हें यहां की जनता इस बार भी करारा सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को वोट देकर जितवाने की अपील की। मौके पर बड़की चापी पंचायत के विभिन्न गांवों में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमणत्र। मौके पर कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी आजाद खान, कुडू प्रखंड पूर्व प्रमुख परीखा मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता अरबिंद पाठक, हातिम अंसारी, ग्राम प्रधान एतवा उरांव, रज्जी अंसारी, भूपाल पाठक, संजू तुरी, समसुल अंसारी, धनेश लोहरा, रामा भुइयां, सुरेश उराँव, सहित कई लोग उपस्थित थे।



### डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा।** कांग्रेसी नेता अब्दुल कादीर उर्फ छोटू ने लोहरदगा शहरी क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अब्दुल कादिर उर्फ छोटू ने सभी लोगों को हेमंत सरकार के योजनाओं की जानकारी देते हुए फिर से एक बार हेमंत सरकार को सत्ता में लाने के लिए डॉ रामेश्वर को वोट देकर जिताने की अपील किया। मौके पर फारूक हुसैन, कैश आलम, छोटू कुरीशी आदि मौजूद थे।



# लोहरदगा में हैलो वोटर रोड शो आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग की ओर से हैलो वोटर रोड शो का आयोजन शहरी क्षेत्र में किया गया। यह रोड शो लुथेरन विद्यालय मैदान से प्रारंभ हुआ जो बरवाटोली चौक, न्यू रोड, पावरगंज चौक होते हुए नदिया हिंदू उच्च विद्यालय परिसर में जाकर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सभी शामिल प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलायी गई और आगामी मतदाता 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। बताया गया कि मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 तरह के वैकल्पिक पहचान पत्र का उपयोग मतदान के लिए किया जा सकता है। कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से नहीं चूकें। इससे पूर्व हरी झंडी दिखाकर हैलो वोटर्स रोड शो को रवाना किया गया। आज के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, लोहरदगा सीता पुष्पा, स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी/कर्मी, नोडल शिक्षक, कैंपस एंबेसडर समेत आमजन शामिल हुए।

# लोहरदगा जिले के दुर्गम इलाकों में हेलीकॉप्टर से भेजी गयी पोलिंग पार्टियां

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 13 नवंबर को मतदान कराने के लिए सोमवार को जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुल 14 बूथों (सभी 72-लोहरदगा ) के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इनमें 03 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से हेलीड्रॉपिंग कराई गई। वहीं 11 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को सड़क मार्ग से रवाना किया गया। 12 नवम्बर को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के शेष 310 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को सदर प्रखंड लोहरदगा के समीप बनाये गए डिस्पैच सेंटर से रवाना किया जाएगा। इससे पूर्व सदर प्रखंड कार्यालय परिसर लोहरदगा में बनाये गए डिस्पैच सेंटर में पार्टी मिलान कराया गया और पोलिंग पार्टी को ईवीएम/वीवीपैट हस्तगत कराया गया। पोलिंग पार्टियों को रवाना करते समय बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

### देवोत्थान और तुलसी विवाह पर आज होंगे अनुष्ठान

**लोहरदगा।** देवोत्थान और तुलसी विवाह पर लोहरदगा में मंगलवार को देवालयों और सनातन समाज में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देवउठनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी जी का विवाह कराने पर सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर भगवान शालिग्राम संग तुलसी विवाह का बहुत ही विशेष महत्व होता है। चार महीने की योगनिद्रा के बाद जब प्रभु जागते हैं तो उस दिन सभी देवी-देवता मिलकर भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। भगवान विष्णु के जागने पर चार महीने से रुके हुए सभी तरह के मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। इस दिन भगवान शालिग्राम संग तुलसी विवाह किया जाता है। ऐसा करने पर वैवाहिक जीवन में आ रही बाधाएं खत्म होती है और जिन लोगों के विवाह में रुकावटें आती हैं वह भी दूरी हो जाती है।

### समाजसेवी डॉ टी साहू ने की वोट देने की अपील

# देश, राज्य व समाज के संपूर्ण विकास के लिए मताधिकार अवश्य करें

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



झारखंड प्रदेश तेली महासभा, निंगनी काली पूजा समिति के आजीवन संरक्षक, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति के संरक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता सह दंत चिकित्सक डॉ टी साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने की जनअपील किया है। उन्होंने कहा कि देश, राज्य व समाज के संपूर्ण विकास के लिए अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग अवश्य करे। पहले मतदान करे तभी जलपान करने जाए। आप खुद मतदान करे , अपने परिजनों को कराए और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान कराएं। ताकि हर बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान हो सके और हमारा भविष्य एक सुरक्षित हाथों में रहे। हम ऐसे व्यक्ति अथवा प्रत्याशी का चयन करें जो देश समाज व राज्य का विकास सोचता हो न कि स्वयं का हित सोचता हो। एक जागरूक नागरिक होने के साथ समझदारी के साथ अपना बहुमूल्य वोट करे। क्योंकि आपका एक वोट आपके लोहरदगा जिला समेत पूरे राज्य व देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ टी साहू ने सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दलों और युवाओं महिलाओ से जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया है। कहा कि युवा देश का भविष्य होते है इसलिए उनका यह फर्ज बनता है कि अपने मताधिकार को समझे, जाने और समझदारी के साथ सही प्रत्याशी को ही वोट करे। हमे किसी धर्म, जाति, समुदाय विशेष में न जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में मुख्य भूमिका निभाना है। आप एक वोट करेंगे तो इससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना है। वर्तमान में निर्वाचन का समय है। हमे अपने अधिकारों को समझने और उपयोग करने का एक बेहतर अवसर मिल रहा है। अपने वोट की चोट से राज्य की मजबूती के लिए कार्य करे। इसलिए देश व राज्य के विकास के लिए मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि अगर एक बार चूक गये, तो फिर पांच साल तक अफसोस करना पड़ेगा। इसलिए चूकना नही है।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने भंडरा प्रखण्ड में किया जनसम्पर्क, लोगों से मांगा वोट

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदग**

भंडरा प्रखण्ड में प्रखण्ड अध्यक्ष जुगल भगत की अगुवाई में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्रखण्ड के बड़ा अम्बेरा, बण्डा आकाशी, कुम्हारिया अम्बा टोली, नगड़ी, मकुंदा, तेतरपोका, नवडीहा, काशपुर आदि गांवो में जनसंपर्क किया गया। गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। प्रखण्ड अध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि हमारे प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने पिछले पांच वर्षो में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। आज हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिये कार्य किया है। डॉ रामेश्वर उरांव के विकास की सोच की ही देन है कि आज गांव-गांव तक पेयजल उपलब्ध है।



डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गठबंधन सरकार के द्वारा किए गए उपलब्धियां के बारे में भी चर्चा की। कहा कि गठबंधन सरकार गरीब, गुरबा की सरकार है और ये जनता की हित में काम करती है। इसलिए सरकार ने जनता के हित में महिलाओं को दिए गए सम्मान के बारे में भी चर्चा किये। 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन का लाभ, मंईयां योजना 18 से 49 वर्ष की प्रत्येक महिलाओं को एक-एक हजार रुपया दिया जाता है। साथ ही 200 यूनिट बिजली फ्री, बिजली बिल माफी योजना, दो लाख किसानों का ऋण माफ, अबुवा आवास योजना, राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के बारे में बताया।

### यूसिल कॉलोनी मंदिर में प्रभु जगन्नाथ की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**जमशेदपुर।** यूसिल कॉलोनी में विराजमान प्रभु जगन्नाथ की जल्द प्राण प्रतिष्ठा होगी. आज रविवार देर संध्या ओडिशा पुरी धाम के बाबा दैतापति भवानी दास महापात्रा ने जादूगोड़ा यूसिल कॉलोनी शिव मंदिर में हजारों भक्तों के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन किये और मंदिर के कायाकल्प को लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ अपना स्थान खुद तय कर लेते हैं. प्रभु जगन्नाथ जहां विराजमान हैं उसे देखने आए हैं. पूरे विश्व के भगवान प्रभु जगन्नाथ हैं. यहां बताते चले के घाटशिला एसडीओ के पहल पर जादूगोड़ा में प्रभु जगन्नाथ मंदिर की नई कमिटी का गठन किया गया है।

### चुनावी शोर थमा, डोर टू डोर वोटरों से संपर्क में जुटे प्रत्याशी

**सेन्हा(लोहरदगा)।** राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणों मे सम्पन्न होना है। इसके तहत प्रथम चरण का चुनाव 13 नवम्बर तथा द्वितीय चरण का चुनाव 20 नवम्बर को होना है। प्रथम चरण चुनाव 13 नवम्बर को कराने हेतु सुनिश्चित किया गया था। जिसके तहत राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में ध्वनि यंत्र के माध्यम से क्षेत्र में प्रचार प्रसार जोर शोर से चल रहा था। लेकिन सोमवार शाम को ध्वनि यंत्र प्रचार चुनाव आयोग के निर्देशानुसार थम गया। वहीं सभी प्रत्याशी अब जनता को अपनी ओर लुभाने के लिये डोर टू डोर सम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान के लिए आकर्षित करने में जुटे हुए हैं। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड पंचायत गांव के जनता 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए जोर आजमाइश में लगे हुए हैं। साथ ही सभी प्रत्यासी के समर्थक जीत का दवा कर रहे हैं। परंतु अब ऊँट किस करवट बैठता है। ये तो जनता जनार्दन के ऊपर निर्भर करता है।

# शराब के नशे में डिस्पैच सेंटर पहुंचा मतदान कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला के बिशुनपुर अंतर्गत बोहरा मतदान केंद्र में एक मतदान कर्मी के नशे में पहुंचने का मामला सामने आया है। उसपर डिस्पैच सेंटर पर अनियमितता बरतने का आरोप भी लगा है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उप विकास आयुक्त ने मतदान कर्मी पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

बिशुनपुर के बोहरा मतदान केंद्र संख्या 105 के लिए पोलिंग ऑफिसर के रूप में नामित विजय टोपनो पर डिस्पैच सेंटर पर अनियमितता बरतने तथा शराब के नशे में आने का आरोप लगा है। इसके बाद उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने निर्देश दिया है कि विजय टोपनो पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाए। वहीं जिला प्रशासन इस कार्रवाई से यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता न हो और मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से खत्म हो सके। जिला प्रशासन ने वोटिंग के काम में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### जेबीकेएसएस का पूरा जिला कमिटी आजसू में शामिल

**लोरहदगा।** जन आशीर्वाद पदयात्रा के दौरान जेबीकेएसएस का पूरा जिला कमेटी आजसू पार्टी में शामिल हो गया। पदयात्रा के दौरान जेबीकेएसएस के वरीय उपाध्यक्ष सुभाष भगत संगठन सहसचिव संदीप भगत किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेम उराव, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिला सह सचिव संजय भगत, किस्को प्रखंड इकाई के सारे पदाधिकारी अरेया पंचायत के सारे पदाधिकारी शामिल हैं। लोहरदगा प्रखंड के सभी पदाधिकारी पेशरार प्रखंड के सारे पदाधिकारी एवं भंडारा प्रखंड के सारे पदाधिकारी आजसू पार्टी शामिल हो गए।

### विस चुनाव में भंडरा के 48794 मतदाता करेंगें मताधिकार का प्रयोग

**भंडरा।** विस चुनाव में भंडरा प्रखंड के 48794 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से अधिक है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में 54 मतदान केंद्र में आगामी 13 नवंबर को मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 30 मतदान केंद्र लोहरदगा विधानसभा में है। जबकि बिशुनपुर विधानसभा के 24 मतदान केंद्र भंडरा प्रखंड अंतर्गत आते है। लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत 30 मतदान केंद्रों में 28835 मतदाता है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 14280 व महिला मतदाताओं की संख्या 14555 है। इसी तरह बिशुनपुर विधानसभा के 24 मतदान केंद्रों में 19959 मतदाता है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9980 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 9979 है। भंडरा प्रखंड में शांतिपूर्ण रूप से विस चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन अपनी तैयारी में जुट गया है। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके अलावे मतदान केंद्र में पहुंचने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### जिंगी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में असामाजिक तत्वों ने मचाया तांडव

# लगभग हर छुट्टी में विद्यालय की संपति को पहुंचाई जाती है क्षति : प्रधानाध्यापक

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू (लोहरदगा)**

कुडू प्रखंड के एकमात्र पीएमश्री विद्यालय रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में असामाजिक तत्वों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस छठ की छुट्टी में असामाजिक तत्वों ने तो हद ही कर दी। विद्यालय के दस हैंडवाश यूनिट से संबंधित सभी पाईप, नल को तो क्षतिग्रस्त कर दिया। फुलों के गमले और उनमें लगे पौधों को भी नहीं बख्शा। वही बोरिंग के कनेक्शन वायर को भी जमीन से उखाड़ कर नुकसान पहुंचाया। प्राथमिक कक्षाओं की पूरी बिजली व्यवस्था को बाहर से तार खींचकर तहस-नहस कर दिया। विद्यालय में तोड़-फोड़ और चोरी की ये कोई पहली घटना नहीं है। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक



अलीरजा अंसारी ने बताया कि विद्यालय में प्रायः इस तरह की घटना को अंजाम दिया जाता है। मुख्य प्रवेश द्वार पर शराब की बोतलें तोड़ देना, बाहरी टाइल्स को क्षतिग्रस्त करना, नए लगाए पौधों को उखाड़ फेंकना या पौधों को घेरे गए ईंटों को पौधों पर ही उलट कर पौधों को बर्बाद कर देना लगभग आम सी बात हो गई है। दिसंबर 2022 मे ऊपरी तल पर अवस्थित आईसीटी कक्ष से दो कम्प्यूटर, 11 हेडफोन सहित दर्जनों कीमती इलेक्ट्रोनिक सामान की चोरी हो चुकी है। विद्यालय की चहारदीवारी पूर्ण नहीं होने के कारण और भी कई तरह की समस्याएं विद्यालय में व्याप्त हैं। लोग पशुओं को विद्यालय परिसर में चराने ले आते हैं जिससे पौधों को बर्बाद होने सहित कुछ न कुछ नुकसान हो ही जाता है। हालांकि विद्यालय प्रबंधन ने पीछे जाली और बांस लगाकर चहारदीवारी बनाया है लेकिन असामाजिक तत्वों ने सब विफल कर दिया।

### एसपी और सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक ने की बैठक

**जमशेदपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरायकेला सभागार कक्ष में आज सोमवार सुबह पुलिस उपमहानिरीक्षक के द्वारा विधानसभा चुनाव-2024 की तैयारी को लेकर बैठक की गयी. जिसमें आदर्श आचार संहिता के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन सम्बंध में विचार विमर्श किया गया. बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ, पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां एवं कमान्डेंट सीआरपीएफ मौजूद रहे। इस क्रम में चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की अद्यतन स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में जिला बल के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती की गयी है।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com

**निर्वाचन अतिमहत्वपूर्ण**

**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नईदिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिलाअंतर्गत 80–गढ़वा एवं 81– भवनाथपुर, 76–डाल्टनगंज (पार्ट) एवं 77–विश्रामपुर (पार्ट) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉंची के अधिसूचना ज्ञापांक 6989 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर परदिनांक 13.11.2024 को गढ़वा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत् सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। गढ़वा जिला अंतर्गतअ वस्थित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान नियत तिथि को बंद रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.340054 Election(24-25):D


# मतदान केंद्र की साफ-सफाई में जुटे बीएलओ



**सेन्हा (लोहरदगा)।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों का साफ सफाई करा कर आगामी 13 नवंबर को मतदान कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन तैयार है।अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी 68 मतदान केंद्रों का साफ सफाई बीएलओ द्वारा कर लिया गया है।साथ ही कहा कि पेयजल,बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त लिया गया है।आम मतदाताओं से अपील किया गया है कि मतदान दिवस के दिन सभी लोग मतदान में भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान कर अपने भयमुक्त मताधिकार का प्रयोग करें। सभी लोग ससमय मतदान केंद्र में पहुंच कर मतदान करें। वही मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई है। दिव्यांग मतदाताओ के लिये रैंप व ट्राइसाइकिल का व्यवस्था किया गया है।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो दस लाख युवाओं को नौकरी : ऐनुल अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड में फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। सरकार बनते ही 7 गारंटी लागू कर दी जाएगी। इसको लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, जेएमएम, राजद व भाकपा माले ने संयुक्त घोषणापत्र भी जारी किया है। घोषणापत्र में 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी, 450 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ-साथ 7 गारंटी शामिल की गई हैं। उक्त बातें कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह कांग्रेस नेता ऐनुल अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि झारखंड वासियों के लिए ह्लन्याय पत्रह्व है। इसके जरिए गठबंधन ने जनता से एक वोट 7 गारंटी का वादा किया है। इसमें 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लागू करने, मंईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर से 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने, सामाजिक न्याय के तहत एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण, खाद्य सुरक्षा के तहत प्रति व्यक्ति 7 किलो राशन व हर गरीब परिवार को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने, झारखंड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार देने, शिक्षा की गारंटी के तहत राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी की स्थापना, रोजगार के अवसर के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाकर सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा। सातवीं गारंटी में किसानों के कल्याण के लिए धान का एमएसपी 2400 रुपए से बढ़ाकर 3200 रुपए करने के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरौंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।


निर्वाचन अतिमहत्वपूर्ण

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम-सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 80–गढ़वा एवं 81–भवनाथपुर, 76–डाल्टनगंज (पार्ट) एवं 77–विश्रामपुर (पार्ट) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 5489 दिनांक 15.10.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाशा विभाग, झारखण्ड, रॉंची के अधिसूचना संख्या 6979 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर दिनांक 13.11.2024 को गढ़वा जिला अंतर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, जो विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने का अधिकार है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के तहत् मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी।

यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं का उल्लंघन करेगा, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत् दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 340055 Election (24-25)_D

## दो विधानसभा क्षेत्र के 244 मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों पर किया गया रवाना

# 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए 130 मतदानकर्मी व 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विधासभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण के तहत लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा व मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से सोमवार को 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए 148 पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने क्लस्टर से रवाना किया। इसके अलावा डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ 13 मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ट्रेन से अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।166 मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों को अन्य वाहनों के माध्यम से रवाना किया गया। मनिका विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 244 मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था व कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त तरीके से प्रथम चरण में 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने गंतव्य स्थल मतदान केंद्रों पर अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ जाकर पूरी सतर्कता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। बता दें कि 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी डिस्पैच संबंधी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की उपस्थित में निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन करते हुए पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। पार्टी मिलान करते हुए मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए ईवीएम, वीवीपीएटी समेत अन्य सभी आवश्यक सामग्री मुहैया कराई गई। हेलीकॉप्टर, ट्रेन, वाहन के माध्यम से 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को रवाना किया गया।



## 9 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

**महुआडांड़।** प्रखंड के कुल 83 मतदान केंद्रों में 57090 मतदाता 9 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रखंड में कुल 13 कलस्टर बनाए गये है। जिसमें कुल 83 मतदान केंद्र है। प्रखंड में कुल 57090 मतदाताओं में पुरूष मतदाता 28080 एवं महिला मतदाता 29010 और तृतीय लिंग मतदाता की संख्या शून्य है। बूथ नंबर 303 में सबसे अधिक 1118 मतदाता है। जिसमें 588 महिला सबसे अधिक मतदाता है। अति संवेदनशील मतदान केंद्र बूथ नंबर 239, 240, 245, 249, 248, 250, 251, 266, 274, 283, 284, 299, 301, 303, 306, 307, 308, 317, 318, 319, 321 शामिल है। जहां शाम 4 बजे तक मतदान होगा। वही 16 सुदूरवर्ती मतदान केंद्र को रिलोकेट किया गया है, जिनमें जामडीह को सरनाडीह, बंदूआ को चेतमा, दौना को मौनाडीह, दूरूप को मौनाडीह परेवा को चटकपूर, चंपा को पुटरूंगी, कुकुद को ओरसा, सुरकई को ओरसा, आधे को बटुवाटोली, बिरिजिया टोली को नेतरहाट, सिरसी को नेतरहाट, माईल को चोरमुड़ा, आराहंस को चोरमुंडा, बेलवार को चुटिया एवं चीरो को ओरसा पूर्वी व पक्षिमी में स्थानांतरित किया गया है।

## मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से सुरिक्षत उतारा गया



**महुआडांड़।** प्रखंड में होने वाले मतदान को लेकर मतदान कर्मियों को लातेहार से हेलिकॉप्टर के द्वारा महुआडांड़ मिडिल स्कूल रेगाइ, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल नेतरहाट, मिडिल स्कूल चटकपुर, मिडिल स्कूल ओरसा, पुलिस पिकेट बांसकरचा, हुरमुंडा टोली ग्राउंड, कुरुंद ग्राउंड में बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर उतारा गया। भारी सुरक्षा के बीच मतदान कर्मियों को इंटरमीडिएट इंस्टाल रूम में पहुंचाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हेलीपैड पर एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी अवनीश कुमार सभी जगहों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। पूरे प्रखंड में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके साथ ही पूरे प्रखंड की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक चौक-चौराहों व संवेदनशील जगहों पर पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल की विशेष तैनाती की जा रही है। सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# ठाकुर समाज की हुई बैठक में लिए गए अहम निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**हेरहज।** बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में ठाकुर समाज की बैठक की बैठक में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर मतदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ठाकुर समाज के जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, उपाअध्य विनोद ठाकुर ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अपने समाज की दशा और दिशा पर चर्चा की। बैठक में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ, बारियातू, चंदवा, लातेहार, हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। बैठक में हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर बरियातू प्रखंड अध्यक्ष श्रवण ठाकुर, बालूमाथ अध्यक्ष जयंत ठाकुर, राजीव ठाकुर, संदीप ठाकुर, कपिल ठाकुर, छोटू ठाकुर, अशोक ठाकुर, पप्पू ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, कमल ठाकुर, मुकेश ठाकुर, महेश ठाकुर, माखन ठाकुर, लोचन ठाकुर, काशी ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

## थमा भोंपू का शोर, प्रत्याशी डोर टू डोर

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा में 13 नवंबर को मतदान होना है, जिसकी तैयारी लातेहार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूरी कर ली गई है। सोमवार की शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार का शोर थम गया। प्रत्याशी अब डोर टू डोर करेंगे संपर्क। लातेहार जिला के प्रत्याशियों की बात करें तो कई प्रत्याशी लातेहार विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। लातेहार विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यह पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र में काफी प्रचुर मात्रा में खनिज संप्रदा है। जगह-जगह पर छोटे-बड़े कई माइंस खुले हुए हैं। साइडिंग हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी व्यवस्था ऐसे कई मुद्दे हैं जो झारखंड अलग होने के साथ ही देखी गई है। आज भी यहां की जनता इससे जूझ रही है।

# कल्पना सोरेन, मोबाइल से सभा को किया संबोधित

**साजिश के तहत कल्पना सोरेन के हेलीकॉप्टर को उड़ने से रोका गया : बैधनाथ**



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के चुनाव प्रचार का समय सोमवार को खत्म हो गया। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को प्रखंड के सासंग हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन सभा में गांडेय विधायक सह झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन को शामिल होना था, लेकिन वह सभा में अपरिहार्य कारणों से नहीं पहुंच पाई। सभा में कल्पना सोरेन को देखने व सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। कल्पना सोरेन के सभा में नहीं पहुंचने की खबर जैसे ही लोगों को मिली लोग निराश हो गए। सभा को संबोधित करते हुए झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम ने कहा कि एक साजिश के तहत कल्पना सोरेन के हेलीकॉप्टर को उड़ने से रोका गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि चुनाव में विपक्ष किस प्रकार अपनी हार देखकर बौखलाई हुई है। जनता उन्हें अपने वोट से मुहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आम जनता के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं। उन्होंने जनता से पुनः राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनाने का आह्वान किया। बाद में मोबाइल से सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि वह आपके बीच उपस्थित नहीं हो पाई, इसके लिए खेद है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कई जन कल्याण कारी योजनाएं चलाई है, महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। कार्यक्रम में अमन भोक्ता ने थामा झामुमो का दामन थाम लिया। सभा में झाविमो से लातेहार विधानसभा से 2019 में प्रत्याशी रहे अमन भोक्ता ने झामुमो का दामन थाम लिया है। सभा में झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर अमन भोक्ता को पार्टी में शामिल कराया। सभा की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने की। संचालन शुभम गिरी कर रहे थे। मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, अरुण दुबे,झामुमो नेता जुनैद अनवर,इश्तियाक खान,कांग्रेस नेता आफताब अलाम, जिप सदस्य विनोद उंराव,भाकपा नेता प्रमोद साहू, मो, अलाउद्दीन, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव मो. इजहार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, धन्नू खान, मुखिया जतरु मुंडा, रंजीता एक्का समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान

**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सोमवार को बारियातू थाना के बाइक क्यूआरटी द्वारा बारियातू मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार अन्तर्गत अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस दौरान लगभग 25 से 30 लीटर महुआ का शराब नष्ट किया गया। सभी को अवैध शराब बेचने वालों को भविष्य में ऐसा व्यापार नही करने की चेतावनी दी गई।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो मतदान केंद्रों को स्थानांतरित किया गया

**बारियातू।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के दो मतदान केंद्रों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानांतरित किया गया है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमित कुमार पासवान व सीओ नंद कुमार राम ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रखंड के कुल 25 मतदान केंद्रों में मतदान होना है। बालुभांग पंचायत के दो मतदान केंद्र मतदान केंद्र संख्या 29 उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदुवा को मतदान केंद्र मध्य विद्यालय लाटु और मतदान केन्द्र संख्या 30 उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेरनहोप्पा को मध्य विद्यालय बालुभांग में स्थानांतरित किया गया है। स्थानांतरित दोनों मतदान केंद्रों के मतदाताओं के लिए मतदान के दिन विभाग द्वारा वाहन की व्यवस्था की गयी है, जिससे मतदाताओं को आने-जाने में सुविधा दिया जायेगा। 1200 मतदाता केंन्द्रो में जेनरेटर के साथ इमाजेंसी लाइट का भी व्यवस्था किया गया है ताकि मतदान कराने मे किसी भी प्रकार के परेशानी न हो। प्रखंड के सभी 25 बूथों के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग, वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विभाग द्वारा वाहन से लाने ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गयी है। इससे असमर्थ मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाया जा सके। बारियातू प्रखंड क्षेत्र में महिला मतदाता 22,726 व पुरुष मतदाता 22,511 सहित कुल 45,237 मतदाता हैं। इन्हे अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

# हेमंत को झारखंड के जनता से प्यार नहीं : हिमंता



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के करनी मैदान में असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के स्टार प्रचारक हिमंता विस्व सरमा चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड से घुसपैठियों को हटाना ही होगा, अन्यथा राज्य को बचाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत को झारखंड की जनता से प्यार नहीं है, बल्कि सिर्फ इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसे लोगों से प्यार है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने पिछले चुनाव से पहले शादी करने वाले लोगों को सोने का सिक्का या 51 हजार रुपये देने की घोषणा की थी, लेकिन सारा पैसा आलमगीर आलम और इरफान अंसारी ने खा लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर सीजीएल पेपर लीक करने वालों और घुसपैठियों को पनाह देने वालों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने हेमंत सोरेन पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बुजुर्गों का पेंशन बंद कर मंईयां सम्मान योजना देने और सास-बहू में लड़वाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा सारा पैसा वापस दिलाया जाएगा और राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने बुर्जुगों को हर महीने 2500 रुपये पेंशन, महिलाओं को गोगो दीदी योजना के माध्यम से देने, सास, बहू, ससुर को पेंशन और बेटा-बेटी को नौकरी देने का वादा किया। कहा कि आज नौकरी के लिए परीक्षा होती है, पर हर बार पेपर लीक हो जाता है। युवाओं को आंदोलन करने पर पुलिस उन पर कार्रवाई करती है। मौके पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, सुजीत भारती, बसंत नारायण सिंह, सतीश सिंह, राजेन्द्र राम, रामकुमार सिंह, टुन्नी सिंह, रशिक सिरोमणी सिंह, सतीश सिंह, सीताराम दांगी, रामकुमार सिंह, कृष्णा साव, डोमन राणा, कमलेश सिंह, रंजय भारती, पेमन नायक, सुनील सिंह, अश्विनी सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की योजनाओं को हेमंत सोरेने ने बंद किया : बाबूलाल मरांडी



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन सोमवार को लावौंग प्रखंड मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के चुनावी सभा में पहुंचकर हुंकार भरी। सोमवार को दोनों नेताओं ने जनसभा में हेमंत सोरेन की सरकार व कांग्रेस की खामियों को गिनाते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कुमार उज्जवल दास के पक्ष में सहयोग करने की अपील की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं को हेमंत सोरेन की सरकार नें बंद कर दिया। यहां तक कि वर्तमान सरकार महिलाओं का सम्मान और अधिकारों की भी धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आई। सत्ता बचाने के लिए जनता को झूठ बोलकर बरगलाने का काम किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस पार्टी द्वारा धर्म का नाम लेने का विरोध किया जाए उससे धर्मनिरपेक्षता की क्या उम्मीद की जा सकती है। अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो पांच सौ रूपए में गैस सिलेंडर और वर्ष में दो बार त्योहारों के अवसर पर दो गैस सिलेंडर मुफ्त दी जाएगी। मौके पर केंद्रीय मंत्री तोखन साव, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, वरिष्ठ नेत्री अनामिका देवी, जिला कोषाध्यक्ष आनंद तांबी, लावालौंग प्रभारी रंजय भारती, मंडल अध्यक्ष शंकर साहू, जिला परिषद सदस्य बृजकिशोर तिवारी, विद्यासागर आर्य, सुबोध पाठक, अमित चौबे, सुमन कुमार सिंह और राजेश कुमार साह आदि उपस्थित थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Chhatarpur & Hariharganj Integrated/UWSS/2023/635 Date: 11 Nov, 2024
Tender ID: - 2024_UDD_95653_1 PR No.: 338636

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above the project of **"Chhatarpur & Hariharganj Integrate Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance"**. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.
Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340036 Urban Developmentand Housing(24-25)#D

समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाख)
कार्यालयः– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email Id-dcpsgarhwa@gmail.com

बाल कल्याण समिति, गढ़वा के निदेशानुसार
आम सूचना



नाम :– माया कुमारी
लिंग :– स्त्री0
माता का नाम :– कुन्दीना देवी
पिता का नाम :– चेतन भुईयां
पता :– अज्ञात
लम्बाई :– 3 फिट लगभग
बालिका का रंग :– सावली (दुबली/पतली)
पहनावा :–हाफ टी–सर्ट (ब्लू) एवं हाफ पैन्ट
उम्र :– 3 वर्ष लगभग

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका प्रखण्ड मझिऑव अंतर्गत बाजार के आस–पास से दिनांक 20.10.2024 को थाना–मझिआँव, जिला–गढ़वा (झारखण्ड) में प्राप्त हुई है, बालिका बाल कल्याण समिति में उपस्थापन के पश्चात् समिति के संरक्षण में है। बालिका अपने माता–पिता का नाम एवं पता बताने में पूरी तरह सक्षम नहीं है, उनके द्वारा बातये गए सम्भावित नाम उपरोक्त है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माता/पिता/विधिक संरक्षक, संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर दावा प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा एक समय अंतराल के पश्चात् बाल कल्याण समिति, गढ़वा के द्वारा नियम संगत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी, जिसके पश्चात् दावा मान्य नहीं होगा।
कार्यालय :– जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा, जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा, बाल कल्याण समिति, गढ़वा।
सम्पर्क नम्बर :– 7739067700, 6200118854, 7870520029

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 340029 (Social Welfare,Women and Child Development)24-25*D

# जिले में 5.67 लाख मतदाता, 679 मतदान केंद्र तैयार : उपायुक्त

**चुनाव के दौरान जांच के क्रम में 5 करोड़ 80 लाख बरामद**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव के तहत जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा क्षेत्र व मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर 2024 को मतदान तिथि निर्धारित है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 11 नवंबर की संध्या 5 बजे से चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक लागू है। बताया कि 11 नवंबर की संध्या 5 बजे के बाद निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस, रोड शो, रैली की अनुमति नहीं होगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। वैसे राजनीतिक व्यक्ति या कार्यकर्ता जो लातेहार जिला के निवासी नहीं हैं, प्रचार प्रसार के लिए आए हैं तथा लातेहार जिला अंतर्गत किसी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है, उन्हें भी 11 नवंबर की संध्या 5 बजे के बाद जिला में रहने की अनुमति नहीं होगी। किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के हकदार है। मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। 11 नवंबर के संध्या 5 बजे से 13 नवंबर के संध्या 5 बजे तक ड्राई डे घोषित किया गया है। लातेहार जिला में वीजिल के माध्यम से कुल 8 शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसका निर्धारित समयावधि में निष्पादन कर दिया गया। जांच के क्रम में 6 मामलों को तुरंत निष्पादित किया गया। आदर्श आचार संहिता से संबंधित कोई मामला नहीं पाया गया। अंतर्राज्यीय व अंतर जिला चेकनाका पर निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, व्यय निगरानी दल आदि के जांच के क्रम में लातेहार जिला में अब तक 580.10 (पांच करोड़ 80 लाख 10 हजार) की नकद राशि व अन्य वस्तु जब्त की गई है। लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 56,7389 मतदाताओं की संख्या है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 40 महिला मतदान केंद्र, 16 पर्दानशीन मतदान केंद्रों, यूनिक बूथ 2, यूथ मैनेजमेंट पोलिंग स्टेशन 2, पीडब्ल्यूडी मैनेजमेंट पोलिंग स्टेशन 1। साथ ही दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी।



**भयमुक्त होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावा उन्होंने ने विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि निपष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है, ताकि किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

दृढ़ निश्चय कर लीजिए कि आप समस्याओं से प्रभावित नहीं होंगे, आप चिड़चिड़े नहीं बनेंगे, आप आदतों एवं मनोभावों के शिकार नहीं बनेंगे, आप एक पंछी की तरह स्वतंत्र बनेंगे। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'योगदा सत्संग पत्रिका'



## संपादकीय

# दिखावटी पर्व-त्योहार, प्रेम व विवाद

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर पर हिंदुओं की भावनाओं को ठोस पहुंचाने का आरोप लगा है। ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं ने आरोप लगाया है कि स्टार्मर के घर पर हुए दिवाली समारोह में नॉनवेज और शराब परोसी गई थी। ब्रिटिश हिंदू संगठन 'इनसाइट यूके' ने इसे लेकर आपत्ति जताई है। इनसाइट यूके ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से पहले सही राय लेनी चाहिए थी। पीएम स्टार्मर ने 29 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली समारोह का आयोजन किया था। इनसाइट यूके ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिवाली सिर्फ एक उत्सव का समय नहीं है, बल्कि इसका गहरा धार्मिक महत्व है। दिवाली पवित्रता का त्योहार है इसलिए इसमें नॉनवेज फूड और शराब से बचना चाहिए। दरअसल यह भारत से शुरू हुआ एक दिखावटी पर्व त्यौहार प्रेम का यह नवीनतम रूप है जिसमें सांप्रदायिक सौहार्द के नाम पर लोग पारिवारिक आयोजन न कर राजनीतिक आयोजन करते हैं जिसमें श्रद्धा भक्ति कम दिखावा या पाखंड अधिक होता है। इसको इस प्रकार समझ सकते हैं की ईद समाप्त होने के महीनों बाद तक राजनीतिक लाभ के लिए अनेक लोग इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं और उसमें बाकायदा कुर्ता पजामा से एक कदम आगे बढ़कर मुसलमानों की तरह टोपी पहनकर ईद की मुबारकबाद देते हुए मीडिया में तस्वीर चलाई जाती हैं। इसी प्रकार त्यौहार समाप्त होने के बाद होली मिलन, दशहरा मिलन करम,सरहुल मिलन या अनेक स्थानीय पर्व त्यौहार मनाने और अपने को धर्मनिरपेक्ष या किसी समुदाय विशेष का समर्थक घोषित करने की परंपरा चल पड़ी है। ऊपरी तौर पर इसमें कोई बुराई नहीं दिखती और ऐसा लगता है जैसे एक मंच पर बैठने पर समाज में एकता और भाईचारा इससे बढ़ सकता है लेकिन इसमें भावना सच्ची होनी चाहिए ना कि दिखावा। यह सद्भावना पर्व त्यौहार प्रेम या धर्मनिरपेक्षता कैमरों के ऑन रहते तक रहती है, फोटो या वीडियो बनने के बाद जिस प्रकार दिखावटी धरना प्रदर्शन समाप्त हो जाता है उसी प्रकार यह दिखावटी आयोजन भी समाप्त हो जाते हैं। यह जरूर कर सकते हैं कि कुछ लोग सचमुच सांप्रदायिक सौहार्द के लिए इस तरह के आयोजन करते हैं दोनों में अंतर यह रहता है कि जिस पर्व त्यौहार को मनाया जाता है उसकी पवित्रता उसकी मूल भावना बनाए रखते हुए और जिस समुदाय के साथ पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं उनसे दो मीठे बोल बोलकर इन्हें सफल किया जाता है न की फोटो खिंचाउ आयोजन करने से। आजकल सोशल मीडिया की बढ़ती दीवानगी और फेसबुक इंस्टा या रील बनाने के चक्कर में ऐसे आयोजनों की बाढ़ आ गई है जिसके माध्यम से लोग पैसे कमाने के लिए अजीब अजीब सी हरकतें करते हैं । उत्तराखंड में हुई प्राकृतिक आपदा के बाद एक अध्ययन में बताया गया कि वहां दिखावटी धार्मिक यात्राओं और धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थलों की तरह इस्तेमाल करने से क्षमता से अधिक यात्रियों की भारी संख्या और निर्माण कार्यों से दुकानदारों की अर्थव्यवस्था तो मजबूत हो गई पर पहाड़ की संस्कृति प्राकृतिक संरचना और सुरक्षा के मानकों का दोहन हुआ जिससे कुछ लोगों के अनुसार प्रकृति का क्रोध टूट पड़ा।

**यह सद्भाावना पर्व त्यौहार प्रेम या धर्मनिरपेक्षता कैमरों के ऑन रहने तक रहती है, फोटो या वीडियो बनने के बाद जिस प्रकार दिखावटी धरना-प्रदर्शन समाप्त हो जाते हैं, उसी प्रकार यह दिखावटी आयोजन भी समाप्त हो जाते हैं।**

# भारतीय रेलवे : पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित



**एके खंडेलवाल**
(सेवानिवृत्त सदस्य, इंफ्रा रेलवे बोर्ड पदेन सचिव, भारत सरकार)

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं।

सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2% लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58% और अमेरिका में मात्र 0.09% है। भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है। यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी। इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं। लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।



## देश की बात

# दक्षेस की चुनौतियां और भारत की भूमिका



डॉ सत्यवान सौरभ

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस/सार्क) के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है। साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दशार्ता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है। पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

# चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?



आरके सिन्हा

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है ।सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई। यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे। स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू 'हिंदी - चीनी भाई-भाई' का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे। दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्म दिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष



**यदि आप अपने ध्यान को अंतर्मुखी करें तो आत्मा की आनंदमयी किरणों की अनुभूति की जा सकती है। अपने मन को भीतर के अदृश्य और अगोचर साम्राज्य में विचारों के सुंदर दृश्य का आनंद लेने का प्रशिक्षण देकर, इन अनुभूतियों को प्राप्त किया जा सकता है।**


# सुख की आंतरिक अवस्थाएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रत्येक रात्रि को सोने से पहले और फिर सुबह अपनी दिनचर्या प्रारम्भ करने के पहले, कम से कम आधा घण्टा, अच्छा हो यदि अधिक समय, ध्यान में मौन एवं शान्त रहें। यह एक अदम्य, अटूट सुख की आन्तरिक आदत उत्पन्न करेगा जो आपको जीवन के सभी दैनिक संघर्षों की कठिन परिस्थितियों का सामना करने के योग्य बना देगा। अपने अन्तर में इस अपरिवर्तनशील आनन्द के साथ, अपनी दैनिक आवश्यकताओं की माँगों की पूर्ति में जुट जाएँ। यदि आप अपनी एकाग्रता के नेत्रों को बन्द रखते हैं, तो आप अपने वक्षस्थल में सुख के चमकते हुए सूर्य को नहीं देख सकते; परन्तु आप अपनी एकाग्रता के नेत्रों को चाहे कितना भी कसकर बन्द करें, यह तथ्य फिर भी रहता है कि सुख की किरणें आपके मन के बन्द द्वारों से प्रवेश करने के लिए सदैव प्रयासरत रहती हैं। शान्ति की खिड़कियों को खोल दें और आप अपनी ही आत्मा के भीतर आनन्द के चमकते सूर्य को अचानक प्रस्फुटित होता पाएँगे। यदि आप अपने ध्यान को अन्तमुर्खी करें तो आत्मा की आनन्दमयी किरणों की अनुभूति की जा सकती है। अपने मन को भीतर के अदृश्य और अगोचर साम्राज्य में विचारों के सुन्दर दृश्य का आनन्द लेने का प्रशिक्षण देकर, इन अनुभूतियों को प्राप्त किया जा सकता है। सुख को केवल सुन्दर वस्त्रों, साफ-सुथरे घरों, स्वादिष्ट प्रीतिभोजों, मुलायम गद्दों और विलासिताओं में न खोजें। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**बंद दिमागों के सभी, खोलो खिड़की - द्वार।**
**बाहर झांको तो सही, अद्भुत है संसार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## धर्म की बात

# 'कार्तिक मास : कृष्ण और कलयुग'



डॉ. रीना रवि मालपानी
कवयित्री एवं लेखिका



कार्तिक मास समापन की ओर अग्रसर है। कृष्ण (नारायण) आराधना के पाँच महत्वपूर्ण दिन शेष है। एकादशी के दिन नारायण योगनिद्रा से जाग्रत अवस्था में आ जाते है एवं सृष्टि के संचालन की बागडौर अपने हाथों में ले लेते है। हम सभी नैन बिछाए कृष्ण (नारायण) के जागने का इंतजार कर रहे है। कृष्ण सदैव धर्म के सूर्य को उदित कर सुंदर भोर को प्रसारित करते है।

हमारे पुराणों में भी उल्लेखित है कि जब समुद्र मंथन हुआ तो अमृत की प्राप्ति तो बाद में हुई सर्वप्रथम कालकूट विष निकला, यानि जीवन में हमें सबसे पहले विष को ग्रहण करना सीखना होगा तभी हम अमृत को गृहण करने योग्य होंगे। कलयुग में निंदा, आलोचना, कटाक्ष, उपहास इत्यादि सभी विष का स्वरूप है। अमृत के रसास्वादन से पहले हमें इनको गृहण करना होगा और वही हमारे लिए हितकारी भी होगा।

***परमेश्वर, परब्रह्म, अनादि और अनंत है श्रीकृष्ण।***
***सर्वस्व कलाओं से परिपूर्ण है श्रीकृष्ण।।***
***बंसी बजैय्या, शांतचित्त स्वरूप है श्रीकृष्ण। प्रेम के अनूठे और सच्चे उपासक है श्रीकृष्ण।।***

कृष्ण कितने अनूठे भगवान है, वस्त्र चोर कहे जाने वाले कृष्ण द्रौपदी की करुण पुकार सुनकर वस्त्र का अंबार लगा देते है और भक्त के मान-सम्मान की रक्षा करते है। कहते है ईश्वर निराकार है, पर भक्त के मनोरथ की पूर्ति के लिए अनूठी और अलौकिक लीलाएँ करते है। कभी बालक, कभी माखन चोर, कभी रणछौड़, कभी ग्वाला, कभी सारथी का रूप धारण करते है। जो कृष्ण हर बंधन से परे है वे कृष्ण ही मईया के हर बंधन को सहर्ष स्वीकार करते है। भक्ति के अधीन होकर भगवान क्या-क्या नहीं करते। कृष्ण का स्मरण जीवन को वात्सल्य और प्रेम से भर देता है। गजेंद्र मोक्ष की कथा में भी हमने देखा कि जब गज ने पूर्ण समर्पण से नारायण को पुकारा तो नारायण त्वरित उसकी सहायता के लिए प्रत्यक्ष हुए। कृष्ण को केवल हमारा अटूट विश्वास चाहिए। द्रौपदी को पहले विश्वास था कि सभा में मौजूद पाँचों पांडव उसकी रक्षा करेंगे एवं भीष्म पितामह व गुरु द्रौण भी उसे सुरक्षा प्रदान करेंगे, पर उसका भ्रम टूट गया और अंत में उसने पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति से कृष्ण का स्मरण किया और फिर उसका कोई संदेह नहीं रहा।

***कल्याण और हित का पर्याय है श्रीकृष्ण। अदम्य साहस के संचारक है श्रीकृष्ण।।***
***भक्तो के लिए सदैव तत्पर रहते है श्रीकृष्ण। गौमाता के सेवक, असाध्य को साध्य बनाते है श्रीकृष्ण।।***

कलयुग में हम अविश्वासी दुनिया में जी रहे है, जिसमें हमें अपने कुटुंब, अपनी माया एवं अपने झूठे मान पर विश्वास है, परंतु वह सर्वथा निरर्थक है। कठिन परिस्थिति में सच्चा सहाय केवल ईश्वर है। इसलिए मनुष्य योनि में उस ईश्वर को प्रत्येक स्थिति में स्मरण करते रहें। यहाँ भगवान के नाम जप की प्रधानता को बताया गया है। छोटे-छोटे उत्सव, त्यौहार हममें आध्यात्मिक ऊर्जा संचारित करने के लिए सम्मिलित किए गए है। कृष्ण नाम तो कल्याण का स्वरूप है जिसका स्मरण भक्त को दुनिया के प्रपंचों एवं चिंताओं से मुक्त कर देता है। कृष्ण अपने संदेश में हमें संशय से मुक्ति एवं कर्म की प्रधानता को ज्ञात कराते है।

कलयुग में हमारी जीवन-शैली, परिस्थितियाँ और परिवेश सब कुछ विषम है, जिसके कारण कभी-कभी मन में संशय एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, परंतु इस तनाव में हम कभी भी अपना विश्वास कृष्ण भक्ति अर्थात अपने आराध्य की भक्ति से डगमग न करें। ईश्वर प्रत्येक परिस्थिति में हमारा स्मरण चाहते है। सुख-दुःख, लाभ-हानि, यश-अपयश के बीच कृष्ण को नहीं भूलना है। ईश्वर की भक्ति के अलावा सब कुछ अस्थायी है। एकादशी से नारायण निद्रा से जागेंगे और हम भी अपने जीवन में भक्ति के सूर्य को देदीप्यमान करेंगे और इस भागती-दौड़ती दुनिया में कुछ क्षण ही सही पर ईश्वर से एकाकार करेंगे।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मतदान से 48 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था का हो अक्षरश: पालन : डीईओ

■ उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव अभियान की अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का प्रचार कार्य नहीं किया जा सकेगा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के सिसई, गुमला, और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले कानून व्यवस्था और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि चुनाव के अंतिम 48 घंटे मतदान प्रक्रिया की शुचिता और कानून व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार शाम 5 बजे से मतदान केंद्रों पर प्रचार समाप्त कर दिया जाएगा, जबकि क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर यह बंदी शाम 4 बजे से लागू हो जाएगी। इस दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अंतर्गत, सभी प्रकार की सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों और राजनीतिक गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव अभियान की अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का प्रचार कार्य नहीं किया जा सकेगा। बाहर से आए राजनीतिक और पार्टी कार्यकर्ताओं को तत्काल क्षेत्र छोड़ना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 48 घंटे की अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि निषिद्ध रहेगी। 200 मीटर के भीतर किसी भी राजनीतिक दल द्वारा बूथ लगाने की अनुमति नहीं होगी, और यदि 200 मीटर से बाहर बूथ लगाना है, तो वहां प्रचार सामग्री, पोस्टर्स, पार्टी चिन्ह, या प्रत्याशियों के नाम की पर्चियों का वितरण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे बताया कि सोमवार शाम 5 बजे से मतदान प्रक्रिया के समापन तक जिले में ड्राई डे लागू रहेगा। इस दौरान जिले में शराब की बिक्री और खरीद पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी, जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी और अव्यवस्था न हो सके। जिला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि मतदान दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। मतदान केंद्रों और मतदान अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त बल तैनात किया जाएगा। अंतर्राज्यीय सीमाओं पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है ताकि बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने बताया कि सभी होटल और लॉज का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है ताकि ऐसे लोग जो इस क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं और राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, उन पर निगरानी रखी जा सके। इसके साथ ही अवैध खर्चों पर भी पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल टीम और फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया गया है, जो विभिन्न स्थानों पर कड़ी निगरानी रखेंगे।

इस विशेष प्रेस वार्ता में जिला के अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी और विभिन्न मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने सभी राजनीतिक दलों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू व निष्पक्ष रूप से संचालित करने में सहयोग करें।

## बसिया में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, विधि व्यवस्था चाक-चौबंद



**बसिया(गुमला)।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय में आज पुलिस दल के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। अपने फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में शामिल पुलिस बल के जवानों ने संत जोसेफ उच्च विद्यालय परिसर स्थित अस्थायी कैंप से लेकर बसिया की मुख्य आबादी तक मार्च पास्ट किया। इस दौरान कोनबीर स्थित मुख्य बाजार और स्थानीय कलस्टर तक पुलिस ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संबंध में पूछे जाने पर बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया कि चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है और आज फ्लैग मार्च के माध्यम से गड़बड़ी की मंशा रखने वाले तत्वों को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि किसी भी सूरत में चुनाव के दौरान गड़बड़ी की इजाजत किसी को नहीं है और यदि कोई ऐसा प्रयास करता है तो पुलिस उनसे सख्ती से निपटने का मनोबल बनाए हुए है। इसके लिए प्रखंड क्षेत्र में बनाए गए सभी पांच कलस्टरों सहित सभी मतदान केंद्रों को आच्छादित करने का काम पूरा कर लिया गया है।

## अमित शाह की चुनावी सभा स्थगित, लोगों ने जताई नाराजगी




**नवीन मेल संवाददाता। बसिया(गुमला)**

बसिया अनुमंडल क्षेत्र में पहली बार आ रहे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पालकोट दौरा अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया। श्री शाह सोमवार को कोलेबिरा, सिसई व सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को पालकोट काली मंदिर के पास आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। अंतिम क्षण में उनके कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। एक तरफ जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में घोर निराशा का भाव देखा गया। वहीं श्री शाह को सुनने आई भीड़ के बीच नाराजगी का स्पष्ट भाव देखा गया। बताया जा रहा है कि पालकोट से पहले श्री शाह का कार्यक्रम सराईकेला व तमाड़ में तय था। वहां उन्होंने सभा को संबोधित भी किया परन्तु सराईकेला में विलंब हो जाने का खामियाजा पालकोट को झेलना पड़ा। सोमवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था और जिला संगठन ने जाने अनजाने अंतिम घंटों के लिए यह कार्यक्रम लिया था। ऐसे में तीन बजे के बाद चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लग गया और श्री शाह सहित पूरे भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। ऐसे में मतदान के ठीक पहले एक प्रतिकूल स्थिति से निपटना अब भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भारी साबित हो रहा है।

## अमित माहेश्वरी के पिताजी का निधन चैंबर ने जताया शोक

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अमित माहेश्वरी के पिताजी के आकस्मिक निधन पर चैंबरअध्यक्ष दामोदर कसेरा और अन्य पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस दुखद सूचना के बाद चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष सरजू साहू, दिनेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बृज फोगला, और गुन्नु शर्मा ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक जताने वालों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, पीआरओ प्रणय साहू और मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

## सोसो मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**गुमला।** गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित सोसो मोड़ पर रविवार रात को दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को पहले नजदीकी अनीता सेवा सदन में प्राथमिक उपचार दिया गया, फिर गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भाजपा द्वारा हवाई अड्डा मैदान पुग्गू में आयोजित कार्यक्रम में ड्यूटी समाप्त कर पीएचईडी विभाग के दो कर्मी आदित्य उरांव और अभिषेक उरांव रात लगभग 9:00 बजे अपनी बाइक से सोसो मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक अचानक बिना इंडिकेटर दिए मुड़ी, जिससे दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत पास के अनीता सेवा सदन में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और बाइक चालकों को सड़क नियमों का पालन करने की सलाह दी है।

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसके तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सोमवरको केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और असामाजिक तत्वों को यह संदेश देना था कि चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर**

गुमला जिले के प्रशासन ने चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी का इंतजाम किया है। सिसई, बिशुनपुर, लुरगुम, दुर्जी, डुमरी, करमडीह, जशपुर, और चैनपुर थाना क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके तहत फ्लैग मार्च में सुरक्षा बलों ने इन क्षेत्रों में शक्ति प्रदर्शन किया और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने की कोशिश की।



जनसुरक्षा और मतदाताओं के विश्वास को बढ़ावा देने का प्रयास फ्लैग मार्च का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और असामाजिक तत्वों के मन में डर पैदा करना है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें, पुलिस और सीएपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च के दौरान जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशासन का मानना है कि इस तरह की सक्रिय सुरक्षा व्यवस्थाओं से लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा होगा और चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सकेगा।

**जिला प्रशासन और पुलिस की अपील**

गुमला जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों से बचें। जिला प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अगर किसी नागरिक को चुनावी प्रक्रिया के दौरान कोई समस्या होती है तो उनकी तुरंत मदद की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ाई गई है और प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र में विशेष गश्त की जा रही है।

सुरक्षा बलों के विशेष इंतजाम

इस फ्लैग मार्च के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ जिला पुलिस के अधिकारी भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च में सुरक्षा बलों ने सड़कों पर गश्त की और यह सुनिश्चित किया कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का निर्भीकता से प्रयोग कर सकें।

## दारीशोल चेकनाका पर जब्त किए गए 4.70 लाख रुपये

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र दारीशोल स्थित चेकनाका पर विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसटी का संयुक्त चेकिंग अभियान जारी है. इसके तहत सोमवार को जांच टीम में शामिल मजिस्ट्रेट अभिजीत बेरा व पुलिस जवानों ने दो कार से दो लोगों के पास से कुल 4 लाख 70 हजार रुपये जब्त किये। सही जानकारी और वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाये। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदनीपुर से गोपिबल्लवपुर जा रही कार (डब्लु बी 30 एक्यू 6060) से 3 लाख 50 हजार रुपये जब्त किया गया। वहीं कोलकाता निवासी अशोक कुमार सरोगी की कार (डब्लु बी 02 ए यु 9046) से 1 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद किए गए. पूछताछ करने पर रुपये के संबंध में दोनों सही जानकारी और कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाये। इसके बाद पुलिस की ओर से नियमानुसार रुपये की जब्ती सूची बनाकर कर जब्त किया गया तथा आगे की कार्रवाई की गई।



## गर्भपात के लिए दवा लेने पर महिला की हालत बिगड़ी गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला के सोसो मोड़ क्षेत्र की एक महिला को गर्भपात की दवा लेने के बाद गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला विवाहित है और उसका एक साल का एक बच्चा भी है। महिला फिलहाल चार माह की गर्भवती थी, लेकिन पहले बच्चे की छोटी उम्र और अन्य पारिवारिक कारणों से उसने गर्भ समाप्त करने का निर्णय लिया।

महिला ने लोहरदगा रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर से गर्भपात की दवा खरीदी और बिना डॉक्टर की सलाह के उसका सेवन कर लिया। इसके कुछ समय बाद उसे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा और उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। घबराई महिला ने अपने पति को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे तुरंत सदर अस्पताल लाया गया।

सदर अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि ऐसी दवाओं का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए, क्योंकि लापरवाही से जान का खतरा हो सकता है। अस्पताल के कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि बिना डॉक्टर की पर्ची के ऐसे संवेदनशील दवाओं को बेचना न सिर्फ गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों से अपील की कि वे इस प्रकार की दवाएं डॉक्टर की पर्ची के बिना न बेचें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## गुवा के कल्याण नगर में जागरुकता रैली आयोजित

**जमशेदपुर।** गुवा पश्चिमी पंचायत कलस्टर की महिला समूह की महिलाओं ने गुवा के कल्याण नगर में रविवार शाम 5 बजे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जागरुकता रैली सह शपथ ग्रहण का आयोजन किया. जागरुकता रैली गुवा के कल्याण नगर, भट्टी साई, विवेक नगर, बिरसा नगर, थाना रोड आदि होते वापस कल्याण नगर पहुंचा। इस अभियान में जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी ममता देवी, गीता देवी, अनुराधा राव, संजू कर्मकार, लता कर्मकार, रेहाना खातून सहित अन्य मौजूद थीं।

## बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों की सफलता पर मयूरी ट्रस्ट ने दी बधाई

**गुमला।** चैताली कॉलेज, गुमला के बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों की सफलता पर मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता और निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के सत्र 2023-2024 का पहला बैच सफल रहा है, और छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए ट्रस्ट द्वारा अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने बताया कि दूसरे बैच के लिए नामांकन जारी है, जिसमें झारखंड कंबाइंड और डायरेक्ट एडमिशन के तहत छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने छात्रों को बधाई दी, और शिक्षा क्षेत्र में मयूरी ट्रस्ट की पहल की सराहना की।

## चैनपुर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**



विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिले के पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह के निर्देश पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व में चैनपुर पुलिस, एसएसबी और सीआईएसएफ द्वारा सोमवार को मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस का फ्लैग मार्च चैनपुर थाना से कुरूमगढ़ मोड पीपल चौक मेन रोड, बस स्टैंड, अल्बर्ट एक्का चौक, सोहन चौक, चर्च रोड, ब्लॉक चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम, एसएसबी व सीआईएसएफ के जवानों ने आम नागरिकों से शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है ताकि वह निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें। इस दौरान आमजन से यह भी अपील की गई कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## आज रवाना होगा मतदान दल

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना है. मतदान दल 12 नवंबर को रवाना किए जाएंगे जिसकी तैयारियां मिशन मोड में चल रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, पोटका विधानसभा के आरओ अनिकेत सचान, जमशेदपुर पूर्वी के आरओ शताब्दी मजूमदार, जमशेदपुर पश्चिमी के आरओ भगीरथ प्रसाद एवं जुगसलाई के आरओ राहुल जी आनंद जी ने सामग्री कोषांग की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी आरओ ने मतदानकर्मियों के लिए तैयार की जा रही मतदान सामग्री की पैकेजिंग को देखा, पैकेट में मौजूद सामानों की जानकारी ली, साथ ही सामग्रियों की गुणवत्ता भी देखी.जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में प्रयुक्त होने वाले किसी भी सामग्री की कोई कमी नहीं हो जिससे मतदान दल को कोई समस्या आए. उन्होंने पैकेजिंग से पहले एसओपी के अनुसार सभी सामग्री पैकेट में रखने के निर्देश दिए।

## रामगढ़ में बंद हुआ भोंपू का शोर, घर-घर हाजिरी लगा रहे उम्मीदवार

**रामगढ़(हि.स.)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में सोमवार के शाम 5:00 बजे के बाद भोंपू का शोर बंद हो गया लेकिन अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवार दरवाजे-दरवाजे हाजिरी लगा रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद घर-घर जाकर माताओं और बहनों के गले लगा रही हैं। वह भी हाथ जोड़कर पिछले 15 वर्षों से उनके परिवार के द्वारा किए गए कार्यों को याद दिला रही है। साथ ही 5 वर्षों में उन्होंने विकास की जो लकीर खींची है, इसकी दुहाई दे रही हैं। अंबा प्रसाद ने यह भी आश्वासन दिया है कि पतरातू प्रखंड और औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित पूरा बड़कागांव इलाका अपराधियों के जिस दहशत का शिकार बन रहा है, उससे सबको मुक्ति दिलाएंगी। अपने पिता, मां और खुद के द्वारा किए गए कार्यों की दुहाई देकर वह एक बार फिर अपने इस किले को ढहने से बचने का प्रयास कर रही हैं। भाजपा के उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी पिछले 20 सालों से इस विधानसभा सीट पर अपना वर्चस्व चाहते हैं लेकिन कभी भी उनके विपक्षी पार्टी ने उन्हें सफल होने नहीं दिया। इस बार भाजपा की टिकट पर वह अपनी नैया पार लगाना चाह रहे हैं। घर-घर जाकर वह माता बहनों के पैर छू रहे हैं और अपनी दरियादिली की बात कर रहे हैं। रोशन लाल चौधरी ने चुनाव प्रचार बंद होने के बाद एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसमें उन्होंने यह कहा है कि वह इस क्षेत्र की जनता के साथ पिछले 20 वर्षों से जुड़े हुए हैं। उनके सुख-दुख में साथ रहे हैं। इसलिए जनता उन्हें अपना बहुमूल्य मत देकर विकास की मुख्य धारा को आगे बढ़ाएं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुमला।** गुमला शहर के बाईपास रोड स्थित होटल 7,11 के समीप एक हादसे में बृंदा नायक टोली निवासी सुकरा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक से घर लौटते वक्त एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर, चेहरे, और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सुकरा सड़क पर पड़ा तड़पता रहा, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इस बीच, गुमला के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्यरत सरकारी कर्मी मोहम्मद शोएब अख्तर की नजर घायल पर पड़ी। पीएम मोदी के चुनावी कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात शोएब ने तत्काल पहल करते हुए एक ऑटो बुलाया और घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, सुकरा भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। हादसे के बाद उसका बाइक भी घटनास्थल से चोरी हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन और चोरी हुए बाइक की तलाश में जुट गई है।

## अनियंत्रित कार ने छात्र को मारी टक्कर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला के कांसीर रोड स्थित मुरूमकेला गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने 12 वर्षीय छात्र अतुल केरकेट्टा को टक्कर मार दी, जिससे छात्र का एक पैर टूट गया। उसके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। जब अतुल अपने घर से निकलकर पैदल अपने बड़े पिताजी के घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुरूमकेला गांव के मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने अतुल को जोरदार टक्कर मारी और फिर घटना स्थल से तेजी से फरार हो गई। स्थानीय लोगों ने कार का पीछा भी किया, लेकिन चालक को पकड़ने में असफल रहे। कुछ लोगों का मानना है कि चालक नशे में हो सकता था। घायल छात्र को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए मतदान कर्मी

- प्रशासन ने 57 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया
- 24 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के सिसई, बिशुनपुर और गुमला विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए मतदान दलों की रवानगी का काम शुरू हो चुका है। प्रशासन द्वारा 57 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया। इनमें 24 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं और जहां पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर का सहारा लिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों के कारण मतदान दलों को सुरक्षित पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। छह अत्यधिक संवेदनशील और नक्सल प्रभावित केंद्रों पर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

**▸ हेलीकॉप्टर से भेजने पर कर्मियों में मिला-जुला माहौल**

हेलीकॉप्टर के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में जाने का अवसर मिलने से कुछ मतदान कर्मियों में उत्साह का माहौल देखा गया। यह उनके लिए एक विशेष अनुभव है, जो उन्हें अपने कार्य के प्रति गर्व का एहसास कराता है। वहीं, दूसरी ओर नक्सल प्रभावित इलाकों में जाने का खतरा भी मौजूद है, जिससे कुछ कर्मियों में डर का माहौल भी है। फिर भी, वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस चुनौती का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**▸ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

जिला प्रशासन ने इन संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती, क्षेत्रीय पुलिस के साथ तालमेल और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के माध्यम से प्रशासन ने मतदान कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। अधिकारियों का कहना है कि इन क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की रुकावट न आए और स्थानीय मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**▸ प्रशासन का विशेष प्रयास**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच विश्वास कायम करने के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं। प्रशासनिक अधिकारी खुद तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और मतदान कर्मियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाने और लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है।,

**▸ स्थानीय नागरिकों में विश्वास**

प्रशासन की ओर से किए गए सुरक्षा प्रबंधों से स्थानीय नागरिकों में भी विश्वास का माहौल है। इस बार मतदान के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, और प्रशासन की ओर से इस विश्वास को और मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**▸ सुरक्षित मतदान का संकल्प**

प्रशासन का कहना है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी लोकतंत्र का संदेश पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। नक्सल गतिविधियों से प्रभावित इलाकों में चुनाव कराने के लिए हेलीकॉप्टर की सहायता लेकर मतदान कर्मियों को भेजना इस संकल्प का हिस्सा है। अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि सुरक्षा के समुचित इंतजाम किए गए हैं, और मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

**▸ अधिकारियों का संदेश**

प्रशासन ने सभी मतदान कर्मियों से अपील की है कि वे निडर होकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। जनता को निर्भीक होकर मतदान करने का अवसर प्रदान करना और लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई जारी, पांच महुआ चुलाई भट्ठी ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के विनिर्माण के विरुद्ध जादूगोड़ा एवं घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेड़गा, थाना जादूगोड़ा के दुर्गम पहाड़ी जंगलों में छापामारी अभियान चलाया. छापामारी में कुल पांच अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठियों को पूर्णतया ध्वस्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन अवैध शराब भट्ठियों से कुल 130 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा शराब बनाने के लिए रखा गया कुल 2000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया. अवैध चुलाई शराब विनिर्माण में संलिप्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# नए सीजेआई की नियुक्ति ज. एचआर खन्ना की विरासत को नमन : हितेश जैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता हितेश जैन ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर जस्टिस संजीव खन्ना की नियुक्ति को गौरव का पल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेना हमारे लिए न्याय का एक गौरवपूर्ण क्षण है। मुख्य न्यायाधीश खन्ना न केवल एक प्रतिष्ठित न्यायविद हैं, बल्कि उनकी नियुक्ति उनके अंकल दिवंगत न्यायमूर्ति एचआर खन्ना के बलिदानों का मान भी है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायमूर्ति एचआर खन्ना को इस कारण से मुख्य न्यायाधीश बनने का मौका नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने कांग्रेस के 1975-1977 के आपातकाल के खिलाफ खड़े होने का साहस दिखाया था। उस समय इंदिरा गांधी की सरकार ने विरोध और लोकतंत्र को कुचल दिया था। यह शासन इतना दमनकारी था। उन्होंने आगे कहा आज हम राहुल गांधी को संविधान का रक्षक कहते सुनते हैं। जस्टिस एचआर खन्ना की कहानी याद दिलाती है कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में लोकतंत्र नहीं है। आइए आज जस्टिस एच आर खन्ना की उस विरासत को भी याद करें - कांग्रेस के अधिनायकवाद के खिलाफ साहस की विरासत। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि किसने हमारे संविधान को खंडित करने की कोशिश की और कौन इसकी रक्षा के लिए खड़ा हुआ। उल्लेखनीय है कि भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख पूर्व जज एचआर खन्ना के भतीजे हैं। जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज के पद पर भी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। जस्टिस संजीव खन्ना को 18 जनवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नति किया गया था। वह कई ऐतिहासिक फैसलों का अहम हिस्सा रह चुके हैं।

## इंदिरा गांधी ने एचआर खन्ना को नहीं बनने दिया था सीजेआई



जस्टिस संजिव खन्ना के सीजेआई पद की शपथ लेते ही इंदिरा गांधी सरकार में हुआ एक ऐतिहासिक अन्याय की भरपाई हो गई। वह अन्याय 48 वर्ष पहले 1976 में हुआ था जब इंदिरा गांधी सरकार ने जस्टिस संजीव खन्ना के चाचा जस्टिस हंस राज खन्ना के साथ अन्याय करते हुए उनके जूनियर जस्टिस मिर्जा हमीदुल्लाह बेग (जस्टिस एमएच बेग) को देश का 15वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया था। दरअसल, जस्टिस एचआर खन्ना ने आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार के खिलाफ ऐतिहासिक फैसला दिया था। इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। इंदिरा ने तब संविधान के अनुच्छेद 359(1) का इस्तेमाल करते हुए नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे। हजारों लोगों को आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन कानून (मीसा) के तहत जेल में डाल दिया गया था। तब विभिन्न अदालतों में मुकदमे दर्ज होने लगे थे और अलग-अलग कोर्ट से अलग-अलग फैसले आने लगे थे। कई उच्च न्यायालयों ने रिट याचिकाओं के जरिए मीसा के तहत बंद कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया।

### आपातकाल में बनी संवैधानिक पीठ के जजों की भूमिका

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए पांच जजों की एक संवैधानिक पीठ बनाई। इस पीठ में तत्कालीन चीफ जस्टिस एएन रे, जस्टिस एमएच बेग, जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़, जस्टिस पीएन भवगती और जस्टिस एचआर खन्ना शामिल थे। इंदिरा गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 359(1) का हवाला देकर दावा किया कि आपातकाल में राज्य किसी भी मौलिक अधिकार को निलंबित कर सकता है, भले ही वह अनुच्छेद 21 के तहत मिला गैरकानूनी हिरासत के खिलाफ अधिकार ही क्यों न हो। सरकार ने यहां तक कहा कि सैद्धांतिक रूप से आपातकाल के दौरान राज्य जीवन भी ले सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ पर इंदिरा सरकार के पक्ष में फैसला देने का भारी दबाव था। पांच में से चार जजों ने मान लिया कि सरकार किसी भी मौलिक अधिकार को निलंबित कर सकती है और लोग सवाल नहीं उठा सकते हैं। केवल एक जज ने कड़ा विरोध जताया- वे जज थे जस्टिस एचार खन्ना, जस्टिस संजीव खन्ना के चाचा।

### बंदी प्रत्यक्षीकरण का वो ऐतिहासिक मामला

इस दौरान एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया- एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला का जिसे बंदी प्रत्यक्षीकरण केस 1976 के नाम से भी जाना जाता है। यह केस भारतीय न्यायिक इतिहास के मील का पत्थर है। इस पर इंदिरा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट को ऐतिहासिक निर्णय देना था कि क्या सरकार ऐसे मनमाने फैसले ले सकती है? क्या अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है? क्या रिट याचिका दायर करने का अधिकार भी निलंबित किया जा सकता है?

# अखिलेश यादव ने आजम खान की पत्नी से की मुलाकात

**एजेंसी। रामपुर**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को रामपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार से मुलाकात की। उनके साथ रामपुर के सांसद मोहिब्बुल्लाह भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने आजम खान की पत्नी तजीन फात्मा से करीब आधे घंटे तक बातचीत की। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह आजम खान के साथ हैं और आजम खान की लड़ाई लड़ने के लिए वह हमेशा आगे रहेंगे। अखिलेश यादव ने आजम खान और उनके परिवार के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आजम खान पर जो भी झूठे केस दर्ज किए गए हैं, सपा सरकार आने पर उन मामलों को खत्म किया जाएगा। उन्होंने न्यायालय से उम्मीद जताई कि आजम खान को जल्द ही इंसाफ मिलेगा। जब आजम खान पर दर्ज कई मामलों में सपा के रवैये पर सवाल किया गया तो अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि सपा ने अपनी पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी है। सपा मुखिया ने कहा कि भगवान जानता है, सपा जानती है, कोर्ट जानता है कि हम लोगों ने कितनी मेहनत की है। हम लगातार लड़ाई

# चेन्नई में फेमा के उल्लंघन में दस स्थानों पर ईडी के छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के मामले चेन्नई में कई स्थानों पर छापेमारी की है। ईडी की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है। भारत में विदेशी ई-कॉमर्स संस्थाओं के संचालन, विशेष रूप से विनियामक अनुपालन और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं के संबंध में ईडी कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज मामलों को लेकर ईडी की टीमों ने सोमवार को दस स्थानों पर छापा मारा है। अधिकारी इन ठिकानों की तलाशी ले रहे हैं।

# कुछ छोटी समझ के लोग समाज को बांटने की रच रहे साजिश

## हमें मिलकर इसे करना होगा नाकाम : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नडियाद / नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने वालों के प्रति आगाह करते हुए सोमवार को कहा कि दुर्भाग्य से निहित स्वार्थ और छोटी समझ के कारण भारत के उज्ज्वल भविष्य के महत्वकांक्षी उद्देश्यों को भूलकर कुछ लोग समाज को जाति, धर्म, भाषा, ऊंच-नीच, स्त्री-पुरुष, गांव-शहर आदि के आधार पर टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश चल रही है। विकसित राष्ट्र के लिए एकता को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें मिलकर देशविरोधियों की बांटने की कोशिशों को नाकाम करना होगा। प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री स्वामीनारायण ने बताया है कि बड़े लक्ष्य कठोर तप से हासिल होते हैं। राष्ट्र को निर्णायक दिशा दिखाने की क्षमता युवा मन में होती है। युवा, राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और करेंगे, इसके लिए हमें सशक्त और शिक्षित युवाओं का निर्माण करना होगा। 'विकसित भारत' के लिए हमारे युवा सशक्त होने चाहिए। स्किल्ड युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

### मंदिर की अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा

उन्होंने कहा कि 200 साल पहले जिस वडताल धाम की स्थापना भगवान श्री स्वामीनारायण ने की थी हमने आज भी उसकी अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा है। हम आज भी यहां भगवान श्री स्वामीनारायण की शिक्षाओं को, उनकी ऊर्जा को अनुभव कर सकते हैं। स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो सौ रुपये का एक चांदी का सिक्का और स्मारक डाक डिकट भी जारी किया है। इस सिक्के का वजन 44 ग्राम है और उस पर सोने की परत चढ़ी है। जिस पर वडताल मंदिर की प्रतिकृति अंकित है। उन्होंने समस्त स्वामीनारायण परिवार के संत महात्माओं से आग्रह किया कि विकसित भारत के महान उद्देश्य से जन-जन को जोड़ें। कहा, आने वाले 25 वर्ष तक विकसित भारत के उद्देश्य को जीना है।

# 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केंद्रों पर मुफ्तद्ध अल्ट्रासाउंड की सौगात

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश की गर्भवती महिलाओं को पीपीपी मोड पर फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रुपी वाउचर की सुविधा फरवरी 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दी जा रही है। मिशन निदेशक ने बताया कि सुविधा का लाभ देने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में 1,861 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को इम्पैनल्ड किया गया है। शासन द्वारा अब तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई-रुपी वाउचर जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई-रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है।

# आयोग ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी दो शिकायतों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने एक तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर नोटिस जारी किया है वहीं दूसरी तरफ तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन की शिकायत का निपटान करते हुए तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। उधर, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन को पत्र लिखकर आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल उपचुनावों पर तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। किसी भी देरी या निष्क्रियता के तृणमूल कांग्रेस के आरोप को आयोग ने खारिज किया है। ईसी का निर्देश है कि राज्य पुलिसकर्मी हमेशा सीएपीएफ के नेतृत्व वाली टीम का हिस्सा रहेंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत: आलस्य का त्याग करें।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

# मिथुन को जान से मारने की धमकी, पाकिस्तान से आया धमकी भरा वीडियो




**कोलकाता।** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध वरिष्ठ अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है। पाकिस्तान के शहजादा भट्टी नामक एक गैंगस्टर ने वीडियो संदेश के जरिए मिथुन को धमकी दी है। इस वीडियो में कहा गया है कि मिथुन के हालिया बयान से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, जिसके बदले में उन्हें जान से मारने की चेतावनी दी गई है। वीडियो में मिथुन को 10-15 दिनों के अंदर माफी मांगने की समय सीमा दी गई है, अन्यथा उनकी जान को खतरा बताया गया है। उल्लेखनीय है कि मिथुन चक्रवर्ती वर्ष 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत करने के लिए मिथुन कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित ईजेडसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

# कर्नाटक के युवक पर आवारा कुत्ते से 'बलात्कार के प्रयास' का मामला दर्ज

**चिकमंगलुरु।** कर्नाटक के चिकमंगलुरु जिले से एक विभत्स खबर सामने आई है। यहां एक युवक पर आवारा कुत्ते के साथ 'बलात्कार के प्रयास' का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला चिकमंगलुरु शहर के जयापुरा थाना क्षेत्र से सामने आया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान चिकमंगलुरु के कट्टिमने इलाके के निवासी शिवराजा के रूप में की है। इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 अक्टूबर को जयनगर बस स्टॉप पर हुई थी, लेकिन 9 नवंबर को बस स्टॉप में एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद अश्लील हरकत वाला वीडियो सामने आने के बाद इसका खुलासा हुआ। इसमें आरोपी कुत्ते से साथ अश्लील हरकतें करता हुआ दिख रहा है। पुलिस ने बीट कांस्टेबल की शिकायत पर घटना पर संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस घटना से लोगों और पशु प्रेमियों में आक्रोश है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे घटना के बारे में पूछताछ की जाएगी।

# हावर्ड विवि के लीडरशिप पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएगी बिहार के शरद सागर की कहानी

**नई दिल्ली।** बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी शरद विवेक सागर की कहानी को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा नेतृत्व पर प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम नेतृत्व, उद्यमिता और शिक्षण में शामिल किया गया है। सागर विश्व के 12 सामाजिक उद्यमियों में से एक हैं, जिनकी जीवनयात्रा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में हार्वर्ड के प्रोफेसरों द्वारा शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर मोनिका सी. हिगिंस और डॉ. उचे अमेची द्वारा संयुक्त रूप से पढ़ाया जाता है। कोर्स मॉड्यूल के अंतर्गत प्रोफेसर मोनिका हिगिंस और उचे अमेची ने हावर्ड विश्वविद्यालय के पॉडकास्ट में शरद सागर का साक्षात्कार किया, जिसमें सागर के जीवन, कार्य और यात्रा के बारे में समझा और और उसे रिकॉर्ड किया।

प्रधानमंत्री ने किया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम

# भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने झामुमो कांग्रेस और राजद की नींद उड़ा दी : मोदी

*कहा, 23 को झारखंड का नया विहान, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा*




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत सोमवार को बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि चुनाव कोई भी हो, कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने झामुमो, कांग्रेस और राजद की नींद उड़ा दी है। पीएम मोदी ने कहा, हमारा उद्देश्य कुशासन से झारखंड को मुक्त करना है, इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत बड़ी है। जब भी झारखंड आया, आपसे और महिला कार्यकर्ताओं से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि उत्साह के साथ महिला कार्यकर्ता लोगों से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा, झारखंड की संपदा को लूटा जा रहा है। पीएम ने कहा, झारखंड में असीम संभावनाएं हैं, हिंदुस्तान के कई प्रदेश के लोग रोजी-रोटी के लिए प्रदेश आते हैं।

पीएम ने कहा, हमारा नारा है 'सबका साथ- सबका विकास' और इसी नारे के साथ भाजपा झारखंड का भी विकास करेगी। झारखंड को अन्य राज्यों के विकास की श्रेणी में लाना है, इसलिए डबल इंजन की सरकार को लाना जरूरी है। झारखंड इस बार बदलाव करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार ने रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। गठबंधन के वादे अधूरे रहे हैं, कांग्रेस जिस जिस राज्य में सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जो वादे किए हैं, झारखंड में सरकार बनने के बाद उसे पूरा करने में जान से जुट जाएगी। मतदान करने समय उत्साह के साथ जाएं, उत्सव है, मतदान भी बढ़ता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 'पहले मतदान फिर जलपान।' प्रदेश कार्यालय में संवाद कार्यक्रम को सुनते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं में पीएम के संवाद से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कहा कि कार्यकर्ता झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। 23 नवंबर को झारखंड का नया विहान होगा। सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।

इस अवसर पर चुनाव प्रबंध समिति के प्रदेश संयोजक पूर्व सांसद सुनील सिंह एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

# मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से हुई निषेधाज्ञा लागू

*रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सदर एसडीएम ने जारी किया आदेश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2024 में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण के चुनाव में 13 नवंबर 2024 को रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) में मतदान कराया जाना है। मतदान प्रातः 07.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक होगा।

जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची ने कहा है कि मतदान के क्रम में अभ्यर्थियों और उनके सहयोगियों तथा असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा की जा सकती है। इससे ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष एवं प्रतिद्वंदिता के कारण विधि-व्यवस्था एवं जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, इस अवसर का लाभ अवांछनीय तत्वों द्वारा उठाया जा सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

इसपर अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम), सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों - रांची, हटिया, कांके एवं मांडर में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। यह निषेधाज्ञा पूरे सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) में 11 नवंबर 2024 की संध्या 05.00 बजे से 13 नवंबर 2024 की रात्रि 10.00 बजे तक लागू रहेगा।




## निषेधाज्ञा निम्नलिखित बिंदुओं पर लागू रहेगी

- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को उक्त क्षेत्र के मतदान केंद्र भवनों के 200 मीटर की परिधि में जमा होना या चलना (मतदान केंद्र परिसर एवं सरकारी, मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सीएपीएफ कर्मचारियों को छोड़कर) निषिद्ध रहेगा।
- सभी प्रकार के चुनाव संबंधी राजनीतिक सभा, जुलूस, रैली आदि एवं प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। पांच व्यक्ति तक के दल में घर-घर जाकर चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक नहीं है।
- मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से मतदान कार्य की शांतिपूर्ण समाप्ति तक किसी भी प्रकार के शराब की बिक्री या सेवन पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित करते हुए ड्राय डे घोषित किया गया है।
- जारी निषेधाज्ञा अवधि में मतदान के 48 घंटा पूर्व से ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- मतदान के 48 घंटा पूर्व से मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा, बैनर, पोस्टर, पंपलेट इत्यादि लगा नहीं रहेगा।
- सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) के वैसे पार्टी वर्कस, कार्यकर्ता या प्रचार-प्रसार करने वाले व्यक्ति, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तथा बाहर से आए हैं, निषेधाज्ञा जारी होते ही सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा रांची, हटिया, कांके एवं मांडर छोड़ देंगे।
- मतदान केंद्र में कोई भी मीडियाकर्मी प्रवेश कर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी नहीं करें, ताकि मतदान की गोपनीयता भंग नहीं हो।
- बिना अनुमति के किसी प्रकार की सार्वजनिक बैठक, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि का व्यवहार करने पर प्रतिबंध रहेगा (मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, गुरुद्वारा आदि को छोड़कर)।
- किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गंड़ासा, भाला आदि लेकर रोड पर निकलना या चलना बंद रहेगा (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों व कर्मचारियों को छोड़कर)।
- किसी प्रकार अग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ आदि लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित है (आरक्षी बल एवं प्राधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर)।
- जारी निषेधाज्ञा की अवधि में मीडियाकर्मी किसी भी प्रकार का एक्जिट पोल एवं रिजल्ट प्रकाशित नहीं करा सकते हैं।
- जारी निषेधाज्ञा के अवधि में प्रत्याशी, समर्थक, राजनीतिक दल का प्रेस कांफ्रेंस और इंटरव्यू प्रतिबंधित रहेगा।

## संजय सेठ ने निर्वाचन आयोग, मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखा पत्र

### प्रधानमंत्री के रोड शो में भेदभाव का अरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पीएम के रोड शो में रांची पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा असहयोग रवैया अपनाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसकी कड़ी निंदा की है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार रांची प्रशासन द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को बाधित करने का प्रयास किया गया, उससे लगता है कि सरकार के इशारे पर पूरा पुलिस तंत्र कल काम कर रहा था। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निर्वाचन आयोग, मुख्य सचिव एवं डीजीपी को पत्र लिखकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, निर्वाचन आयोग से ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उन्हें अविलंब हटाने को कहा है। संजय सेठ ने कहा, प्रशासन द्वारा कल रांची के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को कई जगहों पर रोक दिया गया। तिलता चौक, कटहल मोड़ चौक, दलादली चौक के आसपास लगभग 30 हजार लोगों को रोके रखा गया। ओटीसी मैदान से रातू रोड चौक तक जो मोहल्ले हैं, उनकी गली में तीन-तीन जगह पर बैरिकेडिंग कर लोगों को आने से रोका गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्ष के लोगो का बस चलता, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड में घुसने नहीं देते।

## डीईओ रांची ने आरपी एक्ट के प्रावधानों के संबंध में जारी की आम सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ), रांची ने सोमवार को विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची जिले के अंतर्गत आने वाले 58-तमाड़, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर विस क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए आम सूचना जारी की है। इसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट) 1951 की धारा 126 में उल्लेखित प्रावधान के संबंध में सूचित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटे की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं बुलाया जाएगा, न आयोजित किया जाएगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। साथ ही, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के उपबंधों का उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों दंडनीय होगा। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, कार्यकर्ता इस अवसर पर बाहर से चुनाव प्रचार के लिए आए हैं और वे तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विस क्षेत्र अंतर्गत के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं हैं, तो उन्हें 11 नवंबर 2024 के अपराह्न 05:00 बजे के बाद निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जाने की सूचना भी जारी की गई है।

## महाठगबंधन सरकार ने पिछले पांच वर्षों में 60 भ्रष्टाचार के काम किए : गौरव वल्लभ



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता प्रो गौरव वल्लभ ने कहा कि जमकर मलाई मारो यानी जेएमएम के नेतृत्व में चल रही महाठगबंधन सरकार ने पिछले पांच साल में लगभग 60 भ्रष्टाचार के काम किए। वल्लभ सोमवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का संकट इतना गंभीर हो गया है कि सरकारी छापों का सिलसिला समाप्त ही नहीं हो रहा है। नौ नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के यहां छापा इसका सबसे बड़ा उदहारण है। इनकम टैक्स ने श्रीवास्तव के 17 ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान 150 करोड़ की बेनामी संपत्ति और दस्तावेज जब्त किए गए।

समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल

## कांग्रेस ने अपना चरित्र खो दिया है : डॉ रवींद्र राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने उनका भाजपा में स्वागत किया। मौके पर डॉ रवींद्र राय ने कहा कि आजादी के समय पूरे देश में एक ही दल कांग्रेस होता था। उसके बैनर तले हर देशप्रेमी देश और आजादी के लिए काम करता था। धीरे-धीरे कांग्रेस ने अपना चरित्र खो दिया। देशभक्ति के साथ राजनीति करने का चरित्र खो दिया। देशभक्ति के साथ देश सेवा करने के मिशन को खो दिया। महात्मा गांधी, सरदार पटेल जैसे महापुरुषों के आदर्श को खो दिया। कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे अलगाववादी पार्टी की पिछलग्गू बन गई है। देशद्रोही राजनीति का इतिहास रखने वाले कम्युनिस्ट की अनुयायी बन गई। जहर बोने वाले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों की सहकर्मी बन गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भाव को दबाकर कांग्रेस में बने रहने वाले लोग अब भाजपा में आ रहे हैं। भाजपा एकमात्र ऐसा दल है, जो चुनाव के लिए नहीं, देश के लिए राजनीति करती है।




### 'झामुमो-कांग्रेस सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं'

आदित्य विक्रम जायसवाल ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय और भाजपा की नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूं। मेरी पांच पीढ़ी कांग्रेस में रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड और देश हित के लिए भाजपा में आए हैं। हमलोग हमेशा राष्ट्रवाद के पुजारी रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो की सरकार स्वार्थ के साथ काम कर रही है। यहां युवाओं के साथ खिलवाड़ हुआ। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया, उसे पूरा नहीं किया। अगर झारखंड को बचाना है, तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी आवश्यक है। प्रोफेशनल कांग्रेस के सभी पदधारी सहित 1000 से ज्यादा सदस्य भाजपा में शामिल होंगे। झारखंड के लोगों से उन्होंने सोच समझकर वोट देने और भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजधानी और राज्य में गुंडागर्दी रोकनी हो, तो भाजपा को वोट दें।

झारखंड के बारे में कांग्रेस नेतृत्व को कोई ज्ञान नहीं है, बोले डॉ रवींद्र राय

# भाजपा पर विश्वास करती है जनता

*कहा, झामुमो के माध्यम से खनिज संपदा की तस्करी करना चाहता है राजद*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने सोमवार को यहां मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के पहले चरण का चुनाव 43 विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने जा रहा है। कहा कि भाजपा ने झारखंड को जन्म दिया, झारखंड प्रदेश का निर्माण किया। भाजपा इस संकल्प के साथ झारखंड में काम करती है कि जिसका हमने निर्माण किया है, उसको संरक्षण देंगे। उसकी प्रगति करेंगे। उसका हर प्रकार से समुचित विकास करेंगे।

डॉ रवींद्र राय ने कहा कि जनता इस भावना से यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा भागीदार बनाए। प्रथम चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जो प्रचार अभियान चलाया वह अद्भुत रहा है। प्रधानमंत्री की चार सभाएं हुईं। उन सभाओं में जिस प्रकार जनता ने भागीदारी दिखाई, उससे साफ हो गया है कि जनता नरेंद्र मोदी पर विश्वास करती है। भाजपा पर विश्वास करती है।

डॉ राय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा के मुख्यमंत्री का दौरा हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इस चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने कहा, प्रथम चरण के चुनाव अभियान में मैंने यह महसूस किया कि झारखंड की जनता इंडी गठबंधन की सरकार से पूरी तरह से निराश हो चुकी है। इंडी गठबंधन में मुख्य रूप से शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) हैं। राजद तो झारखंड विरोधी पार्टी रही है, लेकिन इस चुनाव में उसकी सक्रियता चौंकाने वाली है। पिछले कई वर्षों से बीमार लालू प्रसाद ने कोडरमा में जनता से कहा कि कोडरमा में राजद का रास्ता खोल दीजिए। झारखंड में कोडरमा में वह अपना खाता खोल रहे हैं। झामुमो के माध्यम से राजद कोडरमा के रास्ते पूरे झारखंड से खनिज संपदा की तस्करी करना चाहती है। डॉ राय ने कहा कि झामुमो के साथ मिलकर झारखंड के आर्थिक जीवन पर हमला करने का रास्ता राजद की रणनीति में दिखाई देती है। झारखंड की जनता इसे सावधानीपूर्वक देखे। मुझे लगता है कि प्रथम चरण का चुनाव बड़ा चुनौतीपूर्ण है। झारखंड विरोधी पार्टी से सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कोल्हान से झामुमो का सारा चेहरा गायब हो गया। कोल्हान क्षेत्र में भाजपा की लहर चारों ओर दिखाई दे रही है। यहां प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अद्भुत था। आदिवासियों में जो नफरत पैदा करने की कोशिश की गई थी, उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। कोल्हान में इस बार झामुमो शून्य पर पहुंचने वाली है। फिर से भारतीय जनता पार्टी वहां विजय श्री की ओर जा रही है।




### भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो समाज को जोड़कर चलना चाहती है

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा बेरोजगारों को 2000 रुपये देगी। गोगो दीदी में 2100 रुपये प्रति महीने दिए जाएंगे। प्रतिमाह 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां होंगी। निजी क्षेत्र में प्रतिवर्ष एक लाख नए रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। पक्के मकान दिए जाएंगे। पंचप्रण के अतिरिक्त 25 महत्वपूर्ण संकल्प को पूरा करने की वचनबद्धता को हम फिर से एक बार दोहराते हैं। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो झारखंड में रहने वाले आदिवासी, सदान, पिछड़ा, अगड़ा, व्यापारी, उद्यमी, नौजवान सबके संवैधानिक अधिकार और मानसम्मान की रक्षा करेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**सरकार बनी तो...**

रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन से राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव को मदद कर विधानसभा भेजने का अनुरोध किया। इससे पूर्व राजद के प्रदेश व जिला के सक्रिय नेताओं में रिजवान खान, पाले खान, बली यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनका मंच पर भव्य स्वागत किया। भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव ने कहा कि भाजपा ने इंडी गठबंधन को कमजोर करने का नायब तरीका आईटी और ईडी के माध्यम से परेशान करना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने पर आमादा है। इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव को राज तिलक लगाना मतदाताओं के समक्ष चुनौती है। गोह (बिहार) के विधायक भीम यादव ने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। मतदाताओं को ठोककर पुख्ता निर्णय लेने का बहुमूल्य समय है। किसी भी विरोधियों के झांसे में नहीं आकर राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव को सहयोग कर हेमंत सोरेन की सरकार को मजबूत करने का आह्वान किया।

**केंद्र सरकार 11 सालों से...**

की राजनीति करते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा ग्यारह वर्षों से बैंक और रेलवे में 20 हजार भी बहाली नहीं किया गया, जबकि 2014 में मोदी ने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार व नौकरी देने की घोषणा किया था। उन्होंने कहा कि वह जनता को भगवान मानते हैं, जिस कारण लगातार सात बार से बिहार में सांसद हैं। वह अपने क्षेत्र में कार्य करने के बदौलत क्षेत्र में पहचान बनायें है, किसी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के बदौलत नहीं। वह अपने क्षेत्र के जनता के हर सुख दुःख के लिए हमेशा खड़ा रहते हैं। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि शारदा घोटाला का आरोपी तथा स्मगलिंग का काम करने वाले हेमंता विस्व सरमा जल्द ही जेल जाएंगे। उनके द्वारा झारखंड में केवल नफरत भरा जहर उगलने का काम किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव बाद झारखंड में नजर नहीं आने वाले हैं। भाजपा समाज को बांटकर सत्ता में आना चाहती है। उन्होंने कहा कि 27 नवंबर से चलने वाला संसद सत्र में सहारा के निवेशकों का भुगतान कराने व आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकों को सरकारी कर्मचारी कराने के लिए संसद सत्र तब तक नहीं चलने देंगे जब तक कि सरकार मांग को नहीं मान लेती। उन्होंने मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा गढ़वा में किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए फिर से सहयोग करने की अपील की। रमकंडा प्रखंड के रमेश यादव, गौतम यादव, अर्जुन यादव,मनीष केसरी, कमलेश प्रसाद केशरी लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगों को मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर डॉक्टर यासीन अंसारी, कामेश्वर बैठा, जवाहर पासवान, धनंजय तिवारी, पुरन तिवारी, करीब अंसारी, सूरज सिंह, दीपमाला कुमारी, महबूब अंसारी,ओवैदूल्ला अंसारी मौजूद थे।

**देश का सारा फायदा...**

कि साधु सब के लिए होते हैं। योगी ने महाराष्ट में कहा है कि बटोगे तो कटोगे यह एक साधु-संयासी के मुंह से शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सन्यासी होकर नफरत कराते हैं। अल्पसंख्यों का पहचान कर उनका घर व दुकान बुलडोजर से गिरवाते हैं। पहले झारखंड के मूल निवासी आदिवासी ही हैं, बाकी लोग बाद में आये हैं। उन्होंने कहा कि देश के सारे फायदे अडानी, अंबानी को दे दिया। मुस्लिम का नाम तो इनके पास है ही नहीं। हिन्दू-मुस्लिम को आपस में बांट कर काट रहे हैं। यह है भाजपा का असली चरित्र है। भाजपा आने वाले दिनों में वोट देने का अधिकार छीनने तैयारी में थी। राजीव गांधी के वजह से महिला सशक्त हुई है। असाम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा ने दलितों को नीचा दिखाया। नरेंद्र मोदी का काम सरकार गिरा देना है। केंद्र ने झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ पैसा रोक कर रखा है। जनसभा को झारखंड चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर ने भी संबोधित किया। मौके पर बीके हरि प्रसाद, सरताज अहमद, मुस्ताक आलम, खालिद राजा,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धनन्जय यादव, जेएमएम के रंजीत जायसवाल, प्रशांत किशोर, कुर्बान अंसारी, राजद के नता मौजूद थे।मंच संचालन पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया।

**घुसपैठियों से...**

भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत बनने की ओर अग्रसर है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गांव के गरीब, किसान, नौजवान व समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के अंदर विकास देखने को मिला है, लेकिन दूसरे ओर वह विकास का झारखंड बॉर्डर में आकर अटक गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के अंदर चार करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया। 10 करोड़ गरीबों के घर में सिलेंडर और एक शौचालय पहुंच गया। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। देश के नागरिक पांच लाख प्रतिवर्ष आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि 70 वर्ष से उपर के प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष 5 लाख रुपए का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराएंगे। 80 करोड लोग 4.5 साल से फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**बांग्लादेशी घुसपैठ पर बोले योगी :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड में राजद, झामुमो, कांग्रेस गठबंधन की सरकार आने के बाद से बांग्लादेशी रोंहिग्या का घुसपैठ शुरू हो गया। इसके कारण यहां का भौगोलिक परिदृश्य बदल रहा है। अब यहां लैंड जिहाद और लव जिहाद चल रहे हैं। इसलिए भविष्य में सुरक्षित रहना चाहते हैं, तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार को लाना होगा। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार भाषा, जाति या क्षेत्र के नाम पर भेदभाव नहीं करती। हमारा उद्देश्य सबका साथ-सबका विकास करना, जबकि राजद कांग्रेस झामुमो की इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं।

**योगी ने दी 5 गारंटी :** योगी आदित्यनाथ ने झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनने पर जनता को पांच योजनाओं की गारंटी दी। इसमें लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और प्रतिवर्ष दो निःशुल्क सिलेंडर देने की बात कही। गोगो दीदी योजना के तहत हर महिला के बैंक खाते में प्रतिमाह की 11 तारीख को 2100 रुपये की सम्मान राशि, 21 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, सभी परिवारों को घर निर्माण के लिए निशुल्क बालू और स्नातक व स्नाकोत्तर कर चुके युवाओं को दो साल तक 2000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता देने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पांच वर्ष में युवाओं को रोजगार-नौकरियों से जोड़ा जाएगा। 2.87 लाख सरकारी रिक्त पदों पर निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से बहाली की जाएगी। मौके पर भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह, यूपी के सांसद रविन्द्रनाथ मेहरा, महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपा शंकर सिंह, लालबहादुर, अशोक सिंह, रविंद्र सिंह, अजय गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, पांकी की सभा में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विधानसभा प्रभारी अशोक शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, अरविंद प्रसाद गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मंजू लता, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह, श्रीवंशीधर नगर की सभा में राज्यसभा सांसद साधना सिंह, जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, मुकेश चौबे, मधु लता, विकास स्वदेशी, लाल मोहन यादव, विकास पांडेय, कृपाल सिंह, प्रवीण सिंह, लक्ष्मण राम, कुमार कनिष्क, अशोक सेठ, और लवली आनंद सहित कई लोग उपस्थित थे।

**पहले चरण की 43 सीटों...**

करेंगे। पहले चरण के दिग्गज उम्मीदवारों में पूर्व मंत्री जदयू के सरयू राय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भाजपा के सीपी सिंह, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री कांग्रेस के केएन त्रिपाठी, पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास, पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश के नाम शामिल हैं।

**मतदान की निजता अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि मतदान की निजता अनिवार्य है। इस स्थिति में मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल ले जाना, फोटो लेना, वीडियो बनाना अवैध है। ऐसा करते पकड़े जाने पर सजा का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसे मामले पकड़ में आने के बाद कार्रवाई भी की गयी थी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। उनमें पुरुष मतदाता 68.73 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 68.36 लाख है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 है। जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख है। वहीं 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख है।

**आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक कुल 54 केस :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सुरक्षित और भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 54 केस हुए हैं। बताया कि प्रथम चरण में कुल 43 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। उसमें से 17 सीट सामान्य, 20 अनुसूजित जनजाति और 6 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन 43 सीटों से 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उनमें 609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर के हैं। प्रथम चरण के चुनाव के लिए कुल 15,344 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। उसमें से 12,716 बूथ ग्रामीण और 2,628 बूथ शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। इनमें से 50 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं। 1,152 मतदान केंद्रों पर मतदान की पूरी प्रक्रिया का जिम्मा महिलाओं के हाथों में रहेगा। जबकि, 23 बूथों की जिम्मेदारी युवा और 24 बूथों का जिम्मा दिव्यांग लोग संभालेंगे। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक कुल 179 करोड़ 14 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

**झारखंड से घुसपैठियों को...**

खजाने में जमा होगी। सभी भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे। इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटला और एक हजार करोड़ का शराब घोटाला किया है। पेपर लीक करने वालों को भी उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा करेगी। शाह ने कहा कि इंडिया एलायंस अपने कार्यकताओं को करोड़पति बनाने का काम करते हैं लेकिन पीएम मोदी गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाने का काम करते हैं। पीएम मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र में मुसलमानों को आरक्षण देने का वादा किया है। यदि मुसलमानों को आरक्षण दिया तो आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करनी पड़ेगी लेकिन भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीनने नहीं देगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी चम्पाई सोरेन के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## छत्तीसगढ़, ओडिशा और प. बंगाल को फायर सर्विसेज अपग्रेडेशन के लिए 725 करोड़



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक हाई-लेवल कमेटी ने तीन राज्यों, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिमी बंगाल, में फायर सर्विसेज के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 725.62 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। सोमवार को जारी हुए आधिकारिक बयान में सरकार द्वारा कहा गया कि कमेटी ने छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इस हाई लेवल कमेटी में वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में फायर सर्विसेज के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत कुल 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, 2542.12 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 15 राज्यों के प्रस्तावों को पहले मंजूरी दी गई है। बयान में आगे कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'आपदा के प्रति मजबूत भारत' को साकार करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा कई कदम उठाए गए हैं।

## रूस की यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क पर नियंत्रण की तैयारी

**वाशिंगटन।** रूस ने यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क क्षेत्र में नियंत्रण की सामरिक तैयारी की है। अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों का दावा है कि रूस ने 50,000 सैनिकों को इकट्ठा किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस की सेना ने उत्तर कोरिया के सैनिकों सहित 50,000 सैनिकों की बड़ी टुकड़ी इकट्ठी की है। रूस कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा जब्त किए गए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के उद्देश्य से हमला शुरू करने की तैयारी कर रहा है। रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्से में काबिज होना चाहते हैं। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आने वाले दिनों में उत्तर कोरियाई सैनिकों से जुड़े ऐसे हमले की आशंका है।

## रूस का ट्रंप-पुतिन बातचीत से इनकार



**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत की खबरों को 'कोरी कल्पना' करार देते हुए खारिज कर दिया। अमेरिकी मीडियो रिपोर्ट्स में दोनों नेताओं के बीच बातचीत का दावा किया गया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में मीडिया से कहा, कोई बातचीत नहीं हुई... यह पूरी तरह से झूठ है, यह कोरी कल्पना है।

# महाकुंभ 2025 : 24 घंटे अलर्ट मोड पर 220 हाईटेक डीप डाइवर

## एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को सुरक्षा की दृष्टि से सफल बनाने के लिए जल पुलिस, पीएसी, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के दौरान 220 हाईटेक डिप डाइवर समेत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं।

इसके चलते गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत देश के सबसे चुनिंदा जल पुलिस के जवान प्रयागराज में तैनात किए जा रहे हैं। स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई भी अनहोनी न होने पाए, इसके लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हाईटेक डीप डाइवरों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**180** डीप डाइवर्स की महाकुंभ के दौरान तैनाती गई है



### 220 डीप डाइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे

किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान 180 डीप डाइवर्स की तैनाती की गई है, जो देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आ रहे हैं, जबकि 39 डीप डाइवर्स पहले से ही यहां तैनात हैं। इस तरह कुल 220 डीप डाइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे। स्थानीय केवट भी सहयोग में रहेंगे जो बिना गैस सिलेंडर के भी 40 फीट गहराई तक जाने में सक्षम हैं। यही नहीं, स्नानार्थियों की मदद के लिए 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ भी तैनात की जा रही है जो किसी भी विषम परिस्थित से निपटने में सक्षम होगी।

# विश्व में हर वर्ष सड़क दुर्घटना में 10 लाख 35 हजार से ज्यादा मौतें, पांच करोड़ से ज्यादा होते हैं दुर्घटनाग्रस्त

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जारी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष दस लाख पैंतीस हजार से ज़्यादा मौतें होती हैं,पांच करोड़ से ज़्यादा लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं, दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौत में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं जबकि भारत में वर्ष 2018 में करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। विश्व भर में सड़क दुर्घटनाओं के कारण हर 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत होती है जबकि भारत में 18-45 आयु वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौत पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और दुपहिया सवारों की होती है। वर्ष 2017 में तमिलनाडु में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं, पर दुर्घटनाओं मारे गए लोगों की संख्या उप्र में सबसे अधिक थी। विश्व सड़क सांख्यिकी के अनुसार, 2018 में सड़क दुर्घटना से होने वाली मौत की संख्या में भारत दुनिया में पहले



**54%** पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों व दुपहिया सवारों की होती है मौत

- विश्व में सड़क दुर्घटना में हर 23 सेकंड में एक मौत

स्थान पर था। इसके बाद चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका का नंबर आता है। वहीं वेनेजुएला में प्रति एक लाख जनसंख्या पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या डराने वाली है।केंद्र सरकार के अनुसार देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत तय सीमा से ज़्यादा रफ्तार व यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं जिसके दुपहिया वाहनों और पैदल चलने वाले सबसे अधिक शिकार होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सड़क यातायात में भारत में सड़क यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन केवल सड़कों को विस्तृत करने तक सीमित है, जिसके कारण कई बार सड़कों और राजमार्गों पर 'ब्लैक स्पाट' बन जाते हैं। ये वह स्थान होते हैं, जहां सड़क दुर्घटना की संभावना सबसे ज़्यादा रहती है। सड़क हादसों के कारण होने वाली 80 प्रतिशत मौत के लिए वाहन चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। 2022 में देश में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,68,491 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 4,43,366 लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में लगभग 68 प्रतिशत मौतें ग्रामीण क्षेत्रों मां हुईं, जबकि कुल मौतों में शहरी क्षेत्रों का हिस्सा 32 प्रतिशत रहा। कुल दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। कार, जीप व टैक्सी सहित हल्के वाहन दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, कुल मृत्यु के मामलों में दुपहिया सवारों की संख्या सबसे अधिक (44.5 प्रतिशत ) थी। सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं तमिलनाडु में 13.9 प्रतिशत 11.8 प्रतिशत मध्यप्रदेश और सबसे ज़्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में 13.4 प्रतिशत हुईं।

### 2030 तक सड़क दुर्घटनाएं 50% कम करने का लक्ष्य

वैश्विक स्तर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित पहल के तहत साल 2015 में ब्रासीलिया घोषणा पत्र लागू किया गया था। इस घोषणा पर ब्राजील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर करने वाले सभी देशों ने परिवहन के अधिक स्थायी साधनों जैसे पैदल चलना, साइकिल चलाना और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए परिवहन नीतियों के निर्माण पर जोर दिया। भारत भी इस घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है। इसके तहत सभी देशों की योजना सतत विकास लक्ष्य 3.6 यानी वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौत की संख्या को आधा करने की है। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2030 तक कम से कम 50 प्रतिशत सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौत को रोकने के लक्ष्य के साथ वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार संकल्प को अपनाया है। तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार अपने स्तर पर काफी प्रयास कर रही है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

### हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाए। हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, क्योंकि ज़्यादातर सड़क दुर्घटनाएं इनका प्रयोग न करने से होती हैं। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दुर्घटना के बाद तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना व पीड़ित को जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 2.67 करोड़ का सोना जब्त दो कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक ऑपरेशन में लगभग 2.67 करोड़ रुपये मूल्य का साढ़े तीन किलो सोना जब्त किया है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने एयरपोर्ट पर काम करने वाले दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर अबू धाबी से मुंबई आए विमान से तस्करी का सोना सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रही एक महिला कर्मचारी को रोका गया। उस महिला कर्मचारी की तलाश लेने पर उसके पास से 3350 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद हुआ। इसके बाद महिला से पूछताछ के बाद इस मामले में एक अन्य कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने बताया कि उन्हें यह सोना एयरपोर्ट के बाहर सुरक्षित पहुंचाना था, जहां से कोई तस्कर उनसे यह सोना लेने वाला था। डीआरआई की टीम इस मामले में असली तस्कर की तलाश कर रही है।

## एजुकेशन/करियर

बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एक 3 साल से 4 साल का अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है जो पूरी तरह से छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए है जिसके जरिए वे वैश्विक कंपनियों के साथ काम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सभी बारीकियों, दुनिया भर में उत्पादों को खरीदने, मार्केटिंग करने के साथ-साथ सेलिंग की मूल अवधारणाओं से अवगत कराना है। यह स्पष्ट रूप से इंटरनेशनल बिजनेस कार्यक्रमों के कॉन्सेप्ट्स और सांस्कृतिक विविधता के साथ व्यापार के अंतर्संबंध पर केंद्रित है। इंटरनेशनल बिजनेस में वे सभी व्यावसायिक गतिविधियाँ शामिल हैं, जो राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के पार माल, सेवाओं, संसाधनों, विचारों और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर को बढ़ावा देने के लिए होती हैं। इस कोर्स में छात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न पहलुओं जैसे ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इंटरनेशनल बिजनेस प्रोग्राम, खरीदने और बेचने की अवधारणा आदि के बारे में जानेंगे। छात्रों को व्यापार और व्यवसाय दोनों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में शामिल अध्ययन के मुख्य विषय इंटरनेशनल मार्केटिंग, क्रॉस कल्चरल मुद्दों का प्रबंधन, ग्लोबल सप्लाई चेन मैनेजमेंट आदि हैं।

# बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में बना सकते हैं अपना करियर

### बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस का अध्ययन क्यों करें

*हालांकि इस कोर्स को करने के लिए कई उम्मीदवारों की अलग-अलग महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन कुछ लोकप्रिय कारण हैं कि कई लोग इस कोर्स को चुनते हैं-*

- **अवसर:** ग्रेजुएट होने के बाद उम्मीदवारों के पास आमतौर पर उच्च-भुगतान वाली नौकरियों के अवसर हैं।
- **करियर के अवसर:** बढ़ती वैश्वीकरण दर के कारण, उम्मीदवारों के लिए मैनेजमेंट से लेकर सरकारी संगठनों सहित कई क्षेत्रों में नौकरी के उच्च अवसर हैं।
- **अच्छा वेतन:** इन नौकरियों की जटिलता और आवश्यक कौशल के कारण ग्रेजुएट्स कई भारी वेतन पैकेज प्राप्त करते हैं।
- **रिसर्च संभावनाएं:** उम्मीदवार इंटरनेशनल बिजनेस के रिसर्च जारी रखते हुए अकादमिक क्षेत्र में अपना करियर भी बना सकते हैं।

**टॉप एम्प्लॉयमेंट सेक्टर**

- रसद कंपनियां
- निर्यात घर
- कस्टम क्लियरिंग हाउस
- व्यापारी
- विशेष आर्थिक क्षेत्र
- राज्य व्यापार निगम
- परिवहन निगम
- नौवहन कंपनियाँ
- आईटी कंपनियां
- बैंक



**एंट्रेस एग्जाम** यूजीएटी | एनपीएटी | एयूएमएटी | आईएमएटी | एफईएफटी



### बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

*जो छात्र भारत में इस कोर्स को करने के इच्छुक हैं, उनके लिए यहां टॉप कॉलेज दिए गए हैं –*

- एलायंस यूनिवर्सिटी,
- बैंगलोर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- एलपीयू, जालंधर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, मैसूर
- बीवीडीयू, पुणे
- मैनेजमेंट स्कूल, डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- डीवाई पाटिल
- विश्वविद्यालय, मुंबई
- अजिंक्य डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे
- मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद
- पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा
- जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर

### बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के बाद करियर और वेतन

*बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एक बहु-विषयक कोर्स होने के नाते, बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस आकर्षक करियर के अवसर प्रदान कर रहा है। आइए समझते हैं कि यदि आपके पास बीबीए इंटरनेशनल व्यवसाय है तो आप कौन से अत्याधुनिक जॉब प्रोफाइल का लाभ उठा सकते हैं-*

- इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
- इंटरनेशनल ट्रेनिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल ऑपरेशन मैनेजर
- ग्लोबल डिस्ट्रिब्यूशन मैनेजर
- अकाउंटेंट एक्सक्यूटिव
- असिस्टेंट इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजर
- इंटरनेशनल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव
- इंपोर्ट/एक्सपोर्ट एजेंट
- इंटरनेशनल बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर।
- ·इंटरनेशनल फाइनेंस मैनेजर
- इंटरनेशनल लॉजिस्टिक मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस एडवाइजर

